▪ ज्येष्ठ कृष्णा - 2 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 295 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 25-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 2022 में कार्तिक ने मेरा तब मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था : कोहली

6 चुनावी महागर्मी के साथ लू और नौतपा ने छक्के छुड़ाए

7 कोरोना संकट में एक इटली और दूसरा लड़का इंग्लैंड भाग गया था : योगी

## कोई भी कांग्रेस, 'इंडि' गठबंधन को वोट नहीं देना चाहता : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जालंधर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'इंडि' गठबंधन पर तीखा हमला जारी रखते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन का 'गुब्बारा' फूट गया है और कोई भी उसे अपना वोट नहीं देना चाहता। जालंधर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश में पांच चरणों का मतदान हो चुका है और छठा चरण शनिवार को होने वाला है, जिसके लिए चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है।

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने गुरदासपुर जिले में एक रैली को संबोधित किया। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में



उनकी पहली रैली बृहस्पतिवार को पटियाला में हुई।

मोदी ने कहा, ''उनका गुब्बारा फूट गया है।'' उन्होंने कहा कि कोई भी कांग्रेस और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडि) को अपना वोट नहीं देना चाहता है। उन्होंने कहा, ''अगर आप जालंधर में चौक पर खड़े होकर 100 लोगों से पूछेंगे कि किसकी सरकार बनने जा रही है तो 90 लोग कहेंगे कि मोदी की सरकार लौटेगी।'' उन्होंने कहा कि जब जनता फिर से मोदी सरकार बनाने का मन बना चुकी है तो किसी और को वोट देने की गलती कौन करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने पिछले 10 वर्ष में एक नया दौर देखा है जबकि कांग्रेस शासन के दौरान, लोग उन समस्याओं से ग्रस्त थे जिन्हें उन्होंने हल किया।

मोदी ने कहा कि एक समय था जब देश में आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा था, उनकी सरकार ने उसकी कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा, ''देश समझता है कि जहां कांग्रेस है, वहां समस्याएं रहेंगी। जहां भाजपा है, वहां समाधान हैं। यही कारण है कि पूरा देश एक स्वर में कह रहा है कि चार जून को '400 पार'।''

प्रधानमंत्री ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर 1947 में देश को विभाजित कर एक परिवार को सत्ता देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने इसे जमीन के टुकड़े से ज्यादा नहीं समझा।

### फर्स्ट टेक

#### उड़ान के दौरान विमान का दरवाजा खोलने का प्रयास, यात्री गिरफ्तार

**हैदराबाद/भाषा।** इंदौर से हैदराबाद जा रही एक उड़ान के दौरान विमान का दरवाजा बीच हवा में खोलने का प्रयास करने के आरोप में एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 21 मई को हुई थी। उसने बताया कि 29 वर्षीय यात्री ने कथित तौर उड़ान के दौरान दरवाजा खोलने की कोशिश की और यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर विमान के उतरने से कुछ मिनट पहले एयरलाइन कर्मचारियों के साथ बहस की। पुलिस ने कहा कि विमान के आरजीआईए पर उतरने के बाद एयरलाइन कर्मचारियों ने यात्री के खिलाफ शिकायत दी, जिसके आधार पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

#### गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं, ट्रम्प ने किया दावा

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं। ट्रम्प ने गुरुवार को न्यूयॉर्क शहर में चुनाव अभियान रैली में कहा, ऐसे बहुत से बंधक जिनका आप या हर कोई इंतजार कर रहे हैं , उनमें कई मर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि हमास के वार्ताकार इजरायल के साथ बंधक समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार नहीं हं क्योंकि उनके अधिकांश बंधक मर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को ट्रम्प के तीन राजनयिकों ने गाजा संघर्ष पर नवीनतम जानकारी के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी।

#### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 100 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

**मेलबर्न/एपी।** पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार तड़के भूस्खलन होने से 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। देश के नेता एवं मीडिया ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प (एबीसी) ने बताया भूस्खलन की यह घटना इस दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तड़के करीब तीन बजे घटी। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि प्रशासन कार्रवाई में लगा है तथा वह तबाही एवं मृतक संख्या की जानकारी उपलब्ध होने के बाद ही उसे जारी करेंगे।

25-05-2024 सूर्यास्त 6:30 बजे | 26-05-2024 सूर्योदय 5:41 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 75,410.39 | 22,957.10 |
| (-7.65) | (-10.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,466 रु. | 96,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



स्वाति मालीवाल कथित मारपीट मामले में

## बिभव कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया।

दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था।

## फ्लिपकार्ट में छोटी हिस्सेदारी लेने की तैयारी में गूगल

Flipkart Google

**नई दिल्ली/भाषा।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने ई-कॉमर्स विक्रेता फ्लिपकार्ट में वित्तपोषण के नए दौर में छोटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए निवेश का प्रस्ताव रखा है। वॉलमार्ट समूह की कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्लिपकार्ट ने एक बयान में कहा, वॉलमार्ट की अगुवाई में होने वाले नए वित्तपोषण दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। यह कदम दोनों पक्षों की तरफ से नियामकीय एवं अन्य प्रक्रियागत अनुमोदनों के अधीन होगा। हालांकि फ्लिपकार्ट ने गूगल की तरफ से निवेश की जाने वाली प्रस्तावित राशि का कोई ब्योरा नहीं दिया। इसके साथ ही उसने जुटाए जा रहे अपने कोष का आकार भी नहीं बताया।

## अगर सीमाएं और सुरक्षित होतीं तो भारत ने अधिक तेजी से तरक्की की होती : अजित डोभाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने कहा कि अगर भारत की सीमाएं और सुरक्षित तथा स्पष्ट होतीं तो भारत ने अधिक तेजी से तरक्की की होती। डोभाल ने साथ ही रेखांकित किया कि पिछले दस वर्षों में देश की ताकत तेजी से बढ़ी है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 21वें अधिष्ठापन समारोह पर आयोजित रुस्तमजी मेमोरियल व्याख्यान में अपने संबोधन में डोभाल ने कहा कि अगर ''हमारे पास अधिक सुरक्षित सीमाएं होतीं'' तो भारत की आर्थिक प्रगति बहुत तेजी से होती। उन्होंने कहा,'' निकट भविष्य में मुझे नहीं लगता



कि हमारी सीमाएं उतनी सुरक्षित होंगीं जितनी हमें तेज आर्थिक विकास के लिए चाहिए। इसलिए सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों पर जिम्मेदारी बहुत ज्यादा है। उन्हें चिरकाल तक सातों दिन चौबीसों घंटे सतर्क रहना है। उन्हें यह देखना है कि हमारे राष्ट्रीय हित और देश सुरक्षित है।''

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि सीमाएं अहम हैं क्योंकि ''वे हमारी संप्रभुता परिभाषित'' करती हैं। उन्होंने कहा,'' जमीन पर जो कब्जा है वो अपना है बाकी ते सब अदालत और कचहरी का काम है, उससे फर्क नहीं पड़ता।'' डोभाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्ष में सीमा सुरक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया है और इस अवधि में ''हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति बहुत बढ़ी है।'' उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और अगले दस वर्ष में '' हम दस हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।''

डोभाल ने इसे ''अहम उपलब्धि'' करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत के पास सबसे बड़े कार्यबलों में से एक होगा और यह उच्च प्रौद्योगिकी कृत्रिम मेधा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और रक्षा एवं सुरक्षा विनिर्माण के क्षेत्रों का गढ़ होगा। डोभाल ने कहा कि जो देश दूसरे देशों से हथियार मंगाता था उसने 31 मार्च तक 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियारों का निर्यात किया और इस प्रकार से यह सरकार की आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भर भारत की नीति के कारण एक बड़े निर्यातक के रूप में उभरा।

## लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 58 सीटों पर आज मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ ओडिशा की कुछ लोकसभा और विधानसभा सीट के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की कुछ संसदीय सीट पर भी मतदान होगा।

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीट सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीट पर शनिवार को मतदान होगा। इस चरण में 889 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला 11 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे।

जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर भी शनिवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में चक्रवात का ''कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं'' होने का अनुमान जताया है। बयान में हालांकि इस संबंध में कोई विवरण नहीं दिया गया है।

छठे चरण में शनिवार को ओडिशा की कुछ लोकसभा और विधानसभा सीट के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की कुछ संसदीय सीट पर भी मतदान होगा।

छठे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में संबलपुर (ओडिशा) से धर्मेंद्र प्रधान (भाजपा), उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी (भाजपा) व कन्हैया कुमार (कांग्रेस), सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से मेनका गांधी (भाजपा), अनंतनाग-राजौरी (जम्मू और कश्मीर) से महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), तमलुक (पश्चिम बंगाल) से अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), करनाल से मनोहर लाल खट्टर, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और गुरुग्राम सीट से राव इंद्रजीत सिंह शामिल हैं।

इस चरण में 11.13 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं। इनमें 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5,120 'तृतीय लिंगी' मतदाता शामिल हैं।

बेंगलूरु रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में

## एनआईए ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह इस मामले में पांचवीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि हुब्बल्ली शहर का रहने वाला शोएब अहमद मिर्जा (35) उर्फ छोटू पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश के एक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। एजेंसी ने कहा, रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार राज्यों में बड़े पैमाने पर धर पकड़ के तीन दिन बाद, एनआईए ने शुक्रवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश मामले के एक पूर्व दोषी के तौर पर हुई है। एजेंसी ने बताया कि उसकी जांच में पता चला है कि मिर्जा जेल से छूटने के बाद इस नई साजिश में संलिप्त हुआ्। जांच एजेंसी ने कहा कि 2018 में उसने आरोपी अब्दुल मथीन ताहा से दोस्ती की और उसका परिचय एक ऑनलाइन हैंडलर से कराया, जिसके विदेश में होने का संदेह है। एजेंसी ने बताया कि मिर्जा ने हैंडलर और अब्दुल मथीन ताहा के बीच कूट भाषा में संचार के लिए एक ई-मेल आईडी भी प्रदान की। एजेंसी ने बताया कि ताहा को 12 अप्रैल को सह-आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब के साथ कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया था।

इस साल एक मार्च को हुए रामेश्वरम कैफे विस्फोट की जांच के दौरान, एनआईए ने पूरे भारत में 29 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की है। बयान में कहा गया है कि विस्फोट के पीछे हैंडलर की भूमिका और व्यापक साजिश की आगे की जांच जारी है।

मानहानि मामला:

## मेधा पाटकर को अदालत ने दोषी ठहराया

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दायर



मानहानि मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया। संबंधित कानून के तहत, सामाजिक कार्यकर्ता पाटकर को दो साल की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकती हैं। पाटकर और सक्सेना के बीच वर्ष 2000 से ही एक कानूनी लड़ाई जारी है, जब पाटकर ने उनके और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए सक्सेना के खिलाफ एक वाद दायर किया था।


## भारत का बढ़ता प्रभाव संपूर्ण विश्व व्यवस्था को स्वतंत्रता, खुलापन के पक्ष में बनाये रखेगा : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ भारत का एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरना एशिया में बहुध्रुवीयता को मजबूत करने के लिए जरूरी है जो बहुध्रुवीय विश्व के लिए आवश्यक है। भारत का बढ़ता प्रभाव यह सुनिश्चित करेगा कि विश्व व्यवस्था में संपूर्ण संतुलन स्वतंत्रता, खुलापन, पारदर्शिता और नियम आधारित व्यवस्था के पक्ष में बना रहे।

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत का बढ़ता प्रभाव यह सुनिश्चित करेगा कि विश्व व्यवस्था में संपूर्ण संतुलन स्वतंत्रता, खुलापन, पारदर्शिता और नियम आधारित व्यवस्था के पक्ष में बना रहे। 'निक्की एशिया फ्यूचर ऑफ एशिया फोरम' को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए जयशंकर की यह टिप्पणी चीन के आर्थिक अधिपत्य रखने वाला देश बनने का प्रयास करने के बीच आई है।

जयशंकर ने कहा कि विश्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो भू-राजनीति, भू-अर्थव्यवस्था और भू-प्रौद्योगिकीय विकास द्वारा संचालित हो रहा तथा एशिया एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र के इस परिवर्तन का हिस्सा रहने के साथ, विश्व व्यवस्था वर्तमान में तनाव का



सामना कर रही है। उन्होंने कहा, ''लेकिन हम जो कुछ देख रहे हैं वह महज परिवर्तन नहीं है, बल्कि कहीं अधिक जोखिम भी लिया जा रहा है। यूक्रेन में संघर्ष, पश्चिम एशिया में हिंसा तथा एशिया एवं हिंद-प्रशांत में अंतरराष्ट्रीय कानून और समझौतों का असम्मान किये जाने में यह नजर आ रहा है।''

विदेश मंत्री ने कहा कि शायद कहीं अधिक चिंता पैदा करने वाले इसके आर्थिक आयाम हैं। उन्होंने कहा कि आपूर्ति शृंखला चुनौती, वैश्वीकरण से उत्पन्न अत्यधिक सकेंद्रण और राष्ट्रों द्वारा आर्थिक वर्चस्व का इस्तेमाल जोर पकड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि समान रूप से प्रौद्योगिकी चुनौती भी महत्वपूर्ण है जिसने अंतर-निर्भरता के एक नये स्तर का निर्माण किया है जिसके परिणामस्वरूप कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), हरित एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकियों ने उम्मीद एवं चिंता बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कई आर्थिक संबंधों में महत्वपूर्ण बन गई है।

जयशंकर ने कहा कि भारत का एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरना एशिया में बहुध्रुवीयता को मजबूत करने के लिए जरूरी है जो बहुध्रुवीय विश्व के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''भारत का बढ़ता प्रभाव यह सुनिश्चित करेगा कि विश्व व्यवस्था में संपूर्ण संतुलन स्वतंत्रता, खुलापन, पारदर्शिता और नियम आधारित व्यवस्था के पक्ष में बना रहे।'' उन्होंने उल्लेख किया, ''समान रूप से, इसकी जिम्मेदारी की अधिक भावना और अधिक योगदान भी एक अंतर पैदा कर रहा है। भारतीय नौसेना के पोत वर्तमान में लाल सागर में संचालित हो रहे हैं ताकि समुद्री नौवहन की सुरक्षा की जा सके।''

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कौन है नीचा

है संवैधानिक आज व्यवस्था,
कहां रही अब मनुवादी।
सब कर्म योग्यता अनुगामी,
सबको कर्मों की आजादी।
सारे ही हैं अब उच्च यहां,
ना कोई वादी प्रतिवादी।
नीचा कह कर भ्रम फैलाते,
वोटों के लोभी बकवादी।।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने दिया

## इजराइल को रफह में सैन्य अभियान रोकने का आदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

**हेग/एपी।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने इजराइल को गाजा के दक्षिण स्थित शहर रफह में अपने सैन्य अभियान रोकने का आदेश दिया है। इजराइल का कहना है कि उसे हमास के आतंकवादियों से खुद की रक्षा करने का अधिकार है और उसके द्वारा इस फैसले का पालन करने की संभावना नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के इस आदेश से गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को रोकने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव और बढ़ गया है। गाजा में अपने सैन्य अभियान को लेकर इजराइल पहले ही अलग-थलग पड़ते जा रहा है।

आईसीजे के शुक्रवार के फैसले के साथ इस साल 15 न्यायाधीशों की पीठ ने तीसरी बार गाजा में हताहतों की संख्या घटाने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए प्रारंभिक आदेश जारी किए हैं। आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

## रूस ने यूक्रेन में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कीव/एपी।** रूस ने यूक्रेन के उत्तर पूर्व स्थित खारकीव क्षेत्र में हमला कर रेलवे पटरियों और ट्रेन को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने उस क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है क्योंकि रूस की सेना नए सिरे से



भीषण हमला कर रही है। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खार्कीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को क्षेत्र में अपने माता-पिता के बिना रह रहे 123 अनाथों और बच्चों को अगले 60 दिन के लिए अनिवार्य तौर पर सुरक्षित स्थान पर भेजने की घोषणा की है।



# ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का परिचालन

## मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** दक्षिण पश्चिम रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए मुजफ्फरपुर–यशवंतपुर स्टेशनों के बीच दो अतिरिक्त यात्राओं के लिए ट्रेन संख्या 05271/05272 मुजफ्फरपुर–यशवंतपुर–मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल का संचालन कर रहा है। ट्रेन संख्या 05271 मुजफ्फरपुर से शुक्रवार को 24 व 31 मई को 15.30 बजे रवाना होकर रविवार 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05272 सोमवार को 27 मई और 3 जून को सुबह 07:30 बजे यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 12:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। रास्ते में यह ट्रेन हाजीपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र जंक्शन, आरा जंक्शन, बक्सर, पीटी दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जंक्शन, सतना, कटनी जंक्शन, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, नागपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामागुंडम, काजीपेट जंक्शन, जनगांव, काचीगुडा, शादनगर, जडचार्ला, महबूबनगर, गडवाल जंक्शन, कुरनूल सिटी, धोने जंक्शन, गूटी जंक्शन, अनंतपुर और धर्मावरम स्टेशनों पर रुकेगी।

### एसएमवीटी बेंगलूरु-भुवनेश्वर/संबलपुर स्पेशल

दक्षिण पश्चिम रेलवे गर्मियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए एसएमवीटी बेंगलूरु–भुवनेश्वर और एसएमवीटी बेंगलूरु–संबलपुर स्टेशनों के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की एक यात्रा के तहत ट्रेन संख्या 06271/06272 एसएमवीटी बेंगलूरु–भुवनेश्वर ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस स्पेशल संचालित करेगा। ट्रेन नंबर 06271 शुक्रवार 31 मई को 00:10 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से प्रस्थान करेगी, अगले दिन 04:00 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 06272 रविवार 2 जून को सुबह 06:30 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी, अगले दिन 09:00 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। मार्ग में, विशेष ट्रेनों का ठहराव दोनों दिशा में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, जोलारपेट्टई जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, रेनिगुंटा जंक्शन, गुडूर जंक्शन, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा जंक्शन, राजमुंदरी, दुव्वाडा, कोट्टावलसा, विजयनगरम जंक्शन, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर और खुर्दा रोड स्टेशन पर होगा। वहीं ट्रेन संख्या 06279/06280 एसएमवीटी बेंगलूरु–संबलपुर–एसएमवीटी बेंगलूरु ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के एक फेरे लगाये जाएंगे। ट्रेन संख्या 06279 शुक्रवार 7 जून को 00:10 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से प्रस्थान करेगी, अगले दिन 05:00 बजे संबलपुर पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन नंबर 06280 शनिवार 8 जून को 11:35 बजे संबलपुर से रवाना होगी, अगले दिन 19:30 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। मार्ग में इस विशेष ट्रेन का ठहराव कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, जोलारपेट्टई जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, रेनिगुंटा जंक्शन, गुडूर जंक्शन, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा जंक्शन, राजमुंदरी, दुव्वाडा, कोट्टावलसा, विजयनगरम जंक्शन, बोब्बिली जंक्शन, पार्वतीपुरम, रायगड़ा, मुनिगुडा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर और बरगढ़ रोड स्टेशन पर ठहराव होगा।

## बेंगलूरु-कलबुर्गी के बीच विशेष ट्रेनें

**गर्मियों** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे एसएमवीटी बेंगलूरु और कलबुर्गी स्टेशनों के बीच त्रि–साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 15 यात्राएं संचालित करेगा। ट्रेन संख्या 06261 प्रत्येक सोमवार, बुधवार और गुरुवार को 27 मई से 27 जून के बीच एसएमवीटी बेंगलूरु से रात्रि 23:50 बजे श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम के माध्यम से प्रस्थान करेगी, अगले दिन 12:30 बजे कलबुर्गी पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 06262 28 मई से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को कलबुर्गी से 16:50 बजे नागासमुद्रम होते हुए प्रस्थान करेगी, अगले दिन 04:45 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। रास्ते में, ट्रेन दोनों दिशाओं में यलहंका, धर्मावरम, अनंतपुर, गुंतकल, अडोनी, मंत्रालयम रोड, रायचूर, कृष्णा, यादगीर और शाहाबाद स्टेशन पर रुकेगी।

इन ट्रेनों में आरक्षण शुरु हो गया है। अधिक जानकारी के लिए रेलवे के सहायता नं 139 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मैसूरु के फिल्म निर्माता ने कान फिल्म महोत्सव में प्रथम पुरस्कार जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु/कान।** कान फिल्म महोत्सव में चिदानंद एस नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो' ने ला सिनेफ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है। चिकित्सा पेशे से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आए मैसूरु निवासी नाइक ने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के टेलीविजन विंग में अपने एक साल के पाठ्यक्रम के अंत में यह फिल्म बनाई थी।

फिल्म की कहानी कन्नड भाषा की एक लोक कथा पर आधारित है। यह कहानी एक बूढ़ी महिला की है जो मुर्गे की चोरी करती है और इसके बाद उसका गांव अंधेरे में डूब जाता है। कान में ला सिनेफ प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार बृहस्पतिवार को भारत में जन्मी मानसी माहेश्वरी की एनिमेशन फिल्म 'बनीहुड' को दिया गया है। मेरठ में जन्मी और निफ्ट, दिल्ली की पूर्व छात्रा माहेश्वरी ने ब्रिटेन के नेशनल फिल्म एंड टेलीविजन स्कूल में अपनी पढ़ाई के दौरान इस फिल्म का निर्माण किया था।ला सिनेफ प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार कोलंबिया विश्वविद्यालय की अस्या सेगालोविच द्वारा निर्देशित 'आउट ऑफ द विडो थ्रू द वॉल' और यूनान के थेसालोनिकी के अरस्तू विश्वविद्यालय के निकोस कोलीकोस द्वारा बनाई गई 'द कैओस शी लेफ्ट बिहाइंड' को दिया गया है।

कान फिल्म महोत्सव में प्रथम पुरस्कार विजेता को 15000 यूरो, द्वितीय पुरस्कार के लिए 11,250 यूरो और तृतीय पुरस्कार के लिए 7,500 यूरो का अनुदान दिया जाता है। पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को 3 जून को सिनेमा डू पैंथियन में और 4 जून को एमके 2 क्वाई डी सीन में प्रदर्शित किया जाएगा। नाइक को मिला यह पहला पुरस्कार है जो पिछले पांच वर्षों में भारत में आया दूसरा पुरस्कार है। साल 2020 में, एफटीआईआई की ही अश्मिता गुहा नियोगी ने अपनी फिल्म 'कैटडॉग' के लिए यह पुरस्कार जीता था।

## मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कान फिल्म महोत्सव में 'ला सिनेफ' पुरस्कार पाने पर चिदानंद को बधाई दी

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को चिकित्सक से फिल्म निर्माता बने मैसूर के चिदानंद एस नाइक को 'सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो' के लिए कान फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए 'ला सिनेफ' पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, कान फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म 'सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो' के लिए 'ला सिनेफ' पुरस्कार जीतने पर चिदानंद नाइक को हार्दिक बधाई। एक गौरवान्वित कन्नडिगा के रूप में आपको कन्नड़ लोककथाओं को वैश्विक मंच पर लाते हुए देखना प्रेरणादायक है। मुझे यकीन है कि यह कई लोगों को अपने जुनून को आगे बढ़ाने और महान ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।'' 'सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो' कन्नड़ लोक कथा पर आधारित है इसमें एक बूढ़ी औरत एक मुर्गा चुराती है और उसके कार्य के परिणामस्वरूप गांव में सूरज उगना बंद हो जाता है।

# 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर मोदी का कांग्रेस पर हमला

## मान पर भी साधा निशाना



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुरदासपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी सरकार ने दंगाइयों को 'बचाया' जबकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि दोषियों को सजा मिले। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद से कोई फैसला नहीं ले सकते और उन्हें आदेश लेने के लिए दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल जाना पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने एक चुनावी रैली में आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल में बंद होने का जिक्र करते हुए कहा, 'दिल्ली के दरबारी' पंजाब को चला रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री अपने दम पर कोई फैसला नहीं ले सकते। उनका मालिक जेल चला गया और पंजाब सरकार ने काम बंद कर दिया।'' केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पंजाब में भी सत्ता में है। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से 10 मई को अंतरिम जमानत मिलने के बाद रिहा कर दिया था। उन्हें 2 जून को समर्पण करना है। भाजपा के उम्मीदवारों दिनेश बब्बू (गुरदासपुर), तरनजीत सिंह संधू (अमृतसर) और अनीता सोम प्रकाश (होशियारपुर) के लिए प्रचार करते हुए मोदी ने कहा, ''नए आदेश लेने और सरकार चलाने के लिए मुख्यमंत्री (मान) को तिहाड़ जेल जाना पड़ा और उन्हें रिपोर्ट कार्ड पेश करना पड़ा।'' सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने दंगाइयों को 'बचाया' था। उन्होंने कहा, ''मोदी ने ही सिख विरोधी दंगों की फाइलें खुलवाईं। वह मोदी ही था जिसने दोषियों को सजा सुनिश्चित करवाई।''

# मालीवाल प्रकरण को लेकर लोगों में नाराजगी, दिल्ली में आप उम्मीदवारों की जमानत होगी जब्त : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वाति मालीवाल प्रकरण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और दावा किया कि उनकी अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) को लोकसभा चुनाव में ऐसी हार का सामना करना पड़ेगा कि उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री आवास पर केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार द्वारा मालीवाल पर कथित हमले का जिक्र करते हुए भाजपा ने दावा किया कि आप लोकसभा चुनाव में हार जाएगी क्योंकि लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा है।

दिल्ली में मतदान से एक दिन पहले भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता



गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, कुमार को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भाटिया ने दावा किया कि केजरीवाल के इशारे पर ही उनके सहयोगी ने मालीवाल से मारपीट की। मालीवाल की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कुमार को गिरफ्तार किया गया था। प्राथमिकी में उन्होंने दावा किया है कि विभव ने उन्हें 'बार–बार मारा' और '7 से 8 बार लात और थप्पड़ भी मारे'। भाटिया ने कहा, ''मालीवाल ने कहा है कि कुमार और अन्य ने अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में उनके आवास पर उन्हें सात से आठ बार थप्पड़ मारे और उन्होंने उनके खिलाफ अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया।

adani

# अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले के स्तर पर वापस आया

**नई दिल्ली/भाषा।** अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से पहले के स्तर पर वापस आ गया है। कंपनी का शेयर शुक्रवार को कारोबार के दौरान एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को एक रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने और लेखांकन धोखाधड़ी का आरोप लगाया था।

इसके बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और इनका कुल बाजार मूल्यंकन लगभग 150 अमेरिकी डॉलर घट गया। समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों का जोरदार खंडन किया। अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 1.91% चढ़कर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 3,456.25 रुपये पर पहुंच गया। बाद में शेयर 3,384.65 रुपये के भाव पर बंद हुआ। अडाणी समूह की कंपनियां बृहस्पतिवार को सुर्खियों में रहीं।

# नरेन्द्र मोदी के भाषणों ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–शरदचंद्र पवार (राकांपा–एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि इस चुनाव में विपक्ष के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण चिंता का विषय हैं। पवार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र में पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे इलाकों में राहत कार्य तेज करने के लिए निर्वाचन आयोग से आदर्श आचार संहिता में ढील देने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति सरकार की अपील का स्वागत किया। पवार ने कहा, ''प्रधानमंत्री का पद एक संस्था है। मोदी एक बहुत महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं। लेकिन चुनावी रैलियों में वह क्या बोल रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।''

हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी को लेकर पूछे गये एक सवाल पर 83 वर्षीय राजनेता अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मोदी ने हिमाचल में रैली के दौरान दावा किया कि जब–जब कांग्रेस सत्ता में रही तब–तब भारत में सबसे कमजोर सरकारें रहीं। मोदी ने रैली में कहा, ''उस वक्त पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकारें दुनियाभर में मदद की गुहार लगाती थीं। लेकिन अब भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा।'' पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी भाषण चिंता का विषय हैं।

राकांपा–एसपी प्रमुख पवार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 'भाजपा के 310 पार होने' का दावा निराधार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के सात चरण में से दो चरण अभी भी बचे हैं। उन्होंने कहा, ''जिम्मेदार लोगों को किसी आधार पर बोलना चाहिए। हम इस तरह के बयान स्वीकार नहीं करते।'' विपक्ष के वरिष्ठ नेता ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए आदर्श आचार संहिता में ढील देने की राज्य सरकार के रुख का स्वागत किया।

# अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी बेंगलूरु की पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बेंगलूरु आएंगे। उन्होंने बेंगलूरुवासियों से सलाह मांगी कि उन्हें यहां किन जगहों पर घूमना चाहिए, क्या खाना चाहिए और क्या अनुभव लेने चाहिए। गार्सेटी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश में कहा, नमस्कार बेंगलूरु! मैं भारत की सिलिकॉन वैली और अमेरिका–भारत अंतरिक्ष कार्यक्रम के केंद्र इस शहर के बारे में जानने के लिए उत्साहित हूं। जब मैं अपनी यात्रा की तैयारी कर रहा हूं, तो मैं यह जानने को उत्सुक हूं कि बेंगलूरु में कौन सी जगह देखने लायक है और कौन सा एक व्यंजन है जो मुझे यहां रहते हुए जरूर चखना चाहिए।

वीडियो में उन्होंने कहा, नमस्कार बेंगलूरु, मुझे आशा है कि आप अच्छे होंगे और मैं इस सप्ताह राजदूत के रूप में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बेंगलुरु आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। सिर्फ बेंगलूरु ही नहीं बल्कि नम्मा ऊरु (हमारा बेंगलूरु)। तो मैं आपकी सलाह चाहता हूं। मुझे कौन सी जगह देखनी चाहिए? मुझे कौन सा भोजन खाना चाहिए? मुझे कौन सी चीजों का अनुभव करना चाहिए? उन्होंने बेंगलूरुवासियों से इस संबंध में अपने विचार भेजने के लिए कहा।

# चिकमगलूरु में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, तीन लोग घायल

**चिकमगलूरु।** यहां जिले के मुदिगेरे तालुक के बानाकल में शुक्रवार को दो कारों की एक ट्रक से टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इनमें से एक कार चित्रदुर्गा में रहने वाले एक परिवार की थी।

पुलिस ने बताया कि वे तीर्थयात्रा के लिए दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गए थे। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना उस समय हुई, जब वे भगवान मंजूनाथ की पूजा करने के बाद अपने गृहनगर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रख दिया गया।

# लावा ने निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया, पूर्व चेयरमैन हरिओम राय बाहर

LAVA

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू मोबाइल फोन विनिर्माता लावा इंटरनेशनल ने कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) का पुनर्गठन किया है। इस कवायद के तहत पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हरिओम राय को बोर्ड से बाहर कर दिया है। राय ने फरवरी में पद से इस्तीफा दिया था और उनके पास कंपनी में निदेशक स्तर का पद नहीं है। वह प्रवर्तन निदेशालय के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। लावा ने बीएसएनएल के पूर्व चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अनुपम श्रीवास्तव, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह व पुडुचेरी के पूर्व उपराज्यपाल अजय कुमार सिंह को स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल किया है। लावा इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक सुनील रैना ने कहा, ''हमें बोर्ड के सदस्यों का परिचय कराते खुशी हो रही है, जो लक्ष्य और ब्रांड की वृद्धि को आगे बढ़ाने में अग्रणी होंगे।''

# संविधान बदल दिये जाने की बात कह विपक्ष मुसलमानों, दलितों के बीच भ्रम फैला रहा : आठवले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दल यह कह कर मुसलमानों एवं दलितों के बीच भ्रम फैलाने की हताश कोशिशें कर रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल संविधान को बदल देंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संविधान को कोई नहीं बदल सकता। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले गुट) के प्रमुख आठवले ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भरोसा जताया कि भाजपा और इसके सहयोगी दल उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 75 से अधिक सीटों सहित देश में 400 से अधिक सीट जीतेंगे। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की कुल 80 सीट हैं। आठवले ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अपना जनाधार खो रही है और इसके कई समर्थक आरपीआई (आठवले) में शामिल हो रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान 22 राज्यों का दौरा किया तथा हाल में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन को बहुमत नहीं मिलेगा और इसके पास प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन बिखरने की कगार पर है और चार जून (जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किये जाएंगे) के बाद यह बिखर जाएगा।

# उडुप्पी में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उडुप्पी।** उडुप्पी तालुका में शिरवा मनिबेट्टू के नजदीक आकाशीय बिजली गिरने से 20 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात हुई घटना में रक्षित पुजारी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पुजारी अपने घर के बाहर शौचालय के पास खड़ा था तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। उसे मणिपाल के कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुजारी शिरवा मणिबेट्टू के तोतादामाने का रहने वाला था। वह शिरवा के एमएसआरएस कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहा था।

# मराठवाड़ा के 76 तालुकों में से 51 में भूजल स्तर नीचे आया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के 76 तहसीलों में से 51 तहसील में भूजल स्तर तीन मीटर से नीचे चला गया। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नांदेड़ जिले में स्थिति कुछ बेहतर है, जहां पिछले साल अन्य सात जिलों की तुलना में अच्छी बारिश हुई थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को एक बैठक कर मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र में सूखे की स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री को सौंपी गई आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 तालुकों (तहसीलों) में भूजल स्तर एक मीटर से नीचे, 15 तालुकों में एक से दो मीटर, 14 तालुकों में दो से तीन मीटर और चार तालुकों में तीन मीटर से अधिक नीचे चला गया है। बीड और लातूर जिलों में समस्या अधिक गंभीर है, जहां दस–दस तालुकों में भूजल स्तर में कमी दर्ज की गई है। छत्रपति संभाजीनगर में नौ तालुकों में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। धाराशिव जिले के आठ तालुकों में भी यही स्थिति देखी गई है। नांदेड़ में 16 में से केवल एक तालुका में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। मराठवाड़ा में छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, लातूर, धाराशिव, नांदेड़, परभणी और नांदेड़ जिले शामिल हैं। सूखे की आशंका वाले क्षेत्र में पिछले मानसून में 589.9 मिमी बारिश हुई, जो 751 मिमी की औसत वार्षिक बारिश से 21.44 प्रतिशत कम है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 1,249 गांव और 512 बस्तियां पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं।



## महाराष्ट्र के बांधों का मौजूदा जल भंडार घटकर 23.63% हुआ


**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के बांधों का मौजूदा जल भंडार घटकर 23.63 प्रतिशत रह गया और जलसंकट से जूझ रहे राज्य के 25 जिलों के 2,973 गांवों व 7,671 बस्तियों में 3,692 टैंकरों के जरिये पानी पहुंचाया जा रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य में इस वर्ष हालात पिछले साल के मुकाबले ज्यादा गंभीर हैं। महाराष्ट्र के 2,994 बांधों में इस वर्ष औसत जलभंडार 23.63 प्रतिशत है जबकि पिछले साल आज के ही दिन इन बांधों में 33.59 प्रतिशत जल संग्रहित था। सिंचाई विभाग द्वारा जारी मंडलवार आंकड़ों के मुताबिक, छत्रपति संभाजीनगर के 920 बांधों में सिर्फ 9.55 प्रतिशत पानी बचा है जबकि पुणे में 17.59 प्रतिशत, नासिक 25.74 प्रतिशत, कोंकण 37.11 प्रतिशत, नागपुर 38.83 प्रतिशत और अमरावती में 39.44 प्रतिशत जलभंडार है। पिछले वर्ष 15 मई को कुल 334 गांवों और 774 बस्तियों में 245 टैंकरों के जरिये पानी पहुंचाया गया था। छत्रपति संभाजीनगर मंडल में पानी की सबसे ज्यादा किल्लत है। इस क्षेत्र के 1,256 गांवों और 506 बस्तियों में 1,849 टैंकरों के जरिये पानी पहुंचाया जा रहा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, छत्रपति संभाजीनगर जिले में 708 टैंकर के जरिये 435 गांवों और 65 बस्तियों को पानी पहुंचाया जाता हैं।

# 'इंडिया' गठबंधन को मिलेगा स्पष्ट बहुमत : रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी की ''पांच साल में पांच प्रधानमंत्री'' वाली टिप्पणी को लेकर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और नतीजे आने के तीन दिनों के भीतर प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस गठबंधन की तरफ से जो भी प्रधानमंत्री बनेगा, पूरे पांच साल तक रहेगा।

लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं और आखिरी चरण का मतदान एक जून को है। मतगणना चार जून को होगी। रमेश ने यहां



संवाददाताओं से कहा कि चार जून को चुनाव परिणाम आने के तीन दिनों के भीतर 'इंडिया' गठबंधन द्वारा प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी चुनावी सभाओं में कई बार विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर ये लोग सत्ता में आए, तो इनकी पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन को ''स्पष्ट और निर्णायक जनादेश' मिलने जा रहा है और 2004 की तरह 20 साल बाद इतिहास खुद को दोहराएगा। उन्होंने कहा, ''जो लोग बार–बार यह सवाल उठाते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा, तो मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि 2004 में कांग्रेस और उसके सहयोगियों को जनादेश मिलने के तीन दिन के भीतर ही प्रधानमंत्री पद के लिए डॉ. मनमोहन सिंह के नाम की घोषणा कर दी गई थी।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''इस बार तीन दिन भी नहीं लगेंगे और एक व्यक्ति सरकार चलाने के लिए पांच साल तक प्रधानमंत्री रहेगा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों द्वारा निर्णायक ढंग से किया जाएगा।

# केन्द्र ईएसी की बैठक में केरल के नए मुल्लई पेरियार बांध के प्रस्ताव को हटाए : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर मुल्लई पेरियार में नया बांध बनाने के केरल सरकार के कदम पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए शुक्रवार शाम केंद्र से विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) की आगामी 28 मई की बैठक के एजेंडा में शामिल केरल के इस प्रस्ताव को हटा देने का आग्रह किया। स्टालिन ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को एक अर्ध-सरकारी पत्र में कहा कि केरल में मौजूदा मुल्लई पेरियार बांध के बदले में एक नए बांध के निर्माण का प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के खिलाफ है और विशेषज्ञ समितियों द्वारा भी बार-बार पाया गया है बांध हर तरह से सुरक्षित है। यह अदालत की अवमानना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शीर्ष अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया गया तो तमिलनाडु सरकार केरल को भविष्य में ऐसे किसी भी प्रस्ताव को लाने से रोकने के लिए अवमानना कार्रवाई शुरू करने सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी।



स्टालिन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए मुल्लई पेरियार में एक नए बांध के निर्माण के लिए अध्ययन करने के केरल के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के विचार पर तमिलनाडु सरकार की कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा, हमें सूचित किया गया है कि ईएसी के तहत केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ) के तत्वावधान में मेसर्स सिंचाई डिजाइन और अनुसंधान बोर्ड (आईडीआरबी) केरल सरकार के उपरोक्त प्रस्ताव को अपनी आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा, केरल द्वारा कथित तौर पर मौजूदा मुल्लई पेरियार बांध के बदले में एक नया बांध बनाने का उपरोक्त प्रस्ताव माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के खिलाफ है। मौजूदा बांध को विभिन्न विशेषज्ञ समितियों द्वारा बार-बार सभी पहलुओं में सुरक्षित पाया गया है और उच्चतम न्यायालय ने 27 फरवरी, 2006 और सात मई, 2014 के अपने फैसलों में यह बात कही है।

उन्होंने दोहराया बाद में 2018 में जब केरल ने एक नए बांध के प्रस्ताव के लिए ईआईए अध्ययन के लिए टीओआर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रयास किया तो इस मुद्दे को तमिलनाडु ने उच्चतम न्यायालय में उठाया और यह स्पष्ट रूप से फैसला सुनाया गया कि ऐसा कोई भी इस कदम के लिए न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता होगी।''

श्री स्टालिन ने कहा, इस मुद्दे पर हमारी आपत्तियों को अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग द्वारा सचिव, एमओईएफ और ईएसी के सभी सदस्यों को पहले ही विस्तार से बता दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से आग्रह किया कि वे पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों और ईएसी के सदस्य सचिव को 28 मई को होने वाली ईएसी बैठक के दौरान नए बांध के लिए प्रस्तावित ईआईए पर एजेंडा आइटम को हटाने का निर्देश दें और ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर भविष्य में विचार न करें। उन्होंने कहा, स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए मैं इस संबंध में आपके तत्काल व्यक्तिगत हस्तक्षेप का अनुरोध करता हूं।

# केरल में भारी बारिश, तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में भारी बारिश जारी है। राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 200 मिमी से अधिक बारिश हुई है। भारी बारिश से कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में शुक्रवार को जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से ज्यादा और बहुत ही भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है। छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर येलो अलर्ट जारी किया जाता है।

राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने आज मीडिया से मुलाकात की और कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में पिछले 24 घंटों में 226.2 मिमी बारिश हुई। उन्होंने कहा कि अलप्पुझा जिले के चेरथला में 215 मिमी, कोट्टायम जिले के कुमारकोम और कोझिकोड जिले के थामारसेरी में क्रमशः 203 मिमी और 200.7 मिमी बारिश हुई।

राजन ने कहा, ''कम समय में इस तरह की भारी बारिश से कई घटनाएं होंगी और हमें उसी के अनुसार सुविधाओं की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी, अग्निशमन बल, पुलिस और राजस्व विभाग किसी भी घटना का सामना करने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि एनडीआरएफ की दो टीमें इस समय राज्य में हैं। राजन ने कहा कि राज्य में हाल ही में हुई बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में 11 लोगों की जान गई है।

राजन ने कहा, ''मृतकों में से छह की डूबने की विभिन्न घटनाओं में जान चली गई, दो पानी से भरे गड्ढों में गिर गए, दो बिजली की चपेट में आ गए और एक व्यक्ति की दीवार गिरने से जान चली गई। कल रात भारी बारिश के बाद कोच्चि शहर के कुछ हिस्से जलमग्न हो गए। टीवी चैनलों ने शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी भर जाने और पैदल चलने वालों, मोटर चालकों को आने-जाने में कठिनाई होने के दृश्य दिखाए। पास के अलुवा शहर में भी ऐसी ही स्थिति थी, जहां बाजार जलमग्न था। जलमग्न क्षेत्रों की अधिकांश दुकानें और आसपास की कुछ सड़कें बंद रहीं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अलुवा नगर पालिका जल निकासी की सफाई करने में विफल रही, जिसके कारण भारी जलभराव हो गया। त्रिशूर शहर में जिला अस्पताल के पास कल रात लगातार हो रही बारिश में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया, जिससे सड़क जाम हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों से पेड़ों के उखड़ने, सड़क के अवरुद्ध होने और मामूली भूस्खलन की खबरें आई हैं। वर्तमान में, 223 लोगों को राज्य के आठ राहत शिविरों में ठहराया गया है।

भारी बारिश को देखते हुए कोझिकोड, मलप्पुरम, एर्नाकुलम और तिरुवनंतपुरम जिलों में राहत शिविर खोले गए हैं। लगातार बारिश के मद्देनजर, महामारी की रोकथाम गतिविधियों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत बुधवार को तिरुवनंतपुरम में स्वास्थ्य विभाग निदेशालय में एक राज्य नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया था।

# तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजेश दास गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। वेंकटेशन ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि दास और उनके सहयोगी 18 मई को शहर के बाहरी इलाके थाईयूर में उनके आवास पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद घर में जबरन घुस गये थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दास को वेंकटेशन की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया। वेंकटेशन राज्य की ऊर्जा सचिव हैं।



राज्य में पिछली अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सरकार में विशेष महानिदेशक रहे दास को पिछले वर्ष भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की एक कनिष्ठ महिला अधिकारी के यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम की एक अदालत ने दोषी ठहराया था। उन्हें तीन साल की कैद की सजा सुनायी गयी थी। हाल में उच्चतम न्यायालय ने दास को गिरफ्तारी से अस्थायी राहत दी थी।

# भाजपा पदाधिकारी ने करीब चार करोड़ की जब्ती मामले को रद्द कराने के लिए अदालत का रुख किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने तिरुनेलवेली संसदीय क्षेत्र में कथित तौर पर मतदाताओं में वितरित करने के लिए रखे गए 3.99 करोड़ रुपये की जब्ती के संबंध में सीबी-सीआईडी द्वारा दर्ज मामले को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया है।

तिरुनेलवेली लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा ने विधायक नैगनर नागेंद्रन को उम्मीद बनाया है। भाजपा के राज्य संगठन सचिव केशव विनयगम द्वारा दायर याचिका न्यायमूर्ति सी सरवनन के समक्ष सुनवाई के लिए शुक्रवार को आई थी।

अदालत ने सीबी-सीआईडी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई की अगली तारीख तीन जून निर्धारित की। अपनी याचिका में केशव विनायगम ने कहा कि चुनाव पर नजर रख रहे एक उड़न दस्ते ने छह अप्रैल को तांबरम रेलवे स्टेशन पर नेल्लई एक्सप्रेस में तलाशी ली थी और नागेंद्रन और एक अन्य व्यक्ति के होटलों में कार्यरत दो व्यक्तियों को भारी मात्रा में नकदी के साथ पकड़ा था।

दस्ते ने 3.99 करोड़ रुपये जब्त किये और इसे तहसलीदार के हवाले कर दिया तथा तांबरम पुलिस ने एक मामला दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

उन्होंने याचिका में कहा कि इस बीच सीबी-सीआईडी पुलिस ने फिर से मामला दर्ज किया और तीन लोगों के बयान दर्ज किए। उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने कुछ अन्य लोगों के बयान दर्ज किए और 20 मई को याचिकाकर्ता और दो अन्य लोगों को अगले दिन पुलिस के सामने पेश होने के लिए समन भेजा गया। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता ने ऐसा करने में असमर्थता जताई क्योंकि वह तमिलनाडु में संसदीय चुनाव के प्रभारी थे और अन्य राज्यों में पर्यवेक्षक भी हैं।

उन्होंने कहा कि वह निर्दोष हैं और उनका पैसे की जब्ती और गिरफ्तार लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान के बाद उन्हें दूसरे राज्यों का कार्यभार सौंपा गया था।

## हाथी के हमले में बुजुर्ग की मौत

**नीलगिरि।** तमिलनाडु के नीलगिरि जिले के गुडालूर में शुक्रवार को जंगली हाथी के हमले में 84 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान पलानी के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि पलानी जब अपने घर से बाहर निकले तो उन पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। उन्हें तत्काल पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हाथी ने आसपास की दो कारों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

## केरल महिला आयोग ने मानव अंग तस्करी की घटनाओं पर पुलिस से रिपोर्ट मांगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य महिला आयोग ने हाल ही में मीडिया की कुछ खबरों में सामने आई मानव अंग तस्करी की कथित घटनाओं पर शुक्रवार को राज्य की पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। केरल महिला आयोग की अध्यक्ष पी सतीदेवी ने त्रिशूर और एर्णाकुलम के जिला पुलिस प्रमुख को कथित मानव अंग तस्करी की घटनाओं की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

आयोग ने एक बयान में कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं का 'एजेंट' द्वारा शोषण किया जा रहा था। हाल ही में मीडिया में कुछ खबरें सामने आई हैं जिनमें बताया गया है कि त्रिशूर और एर्णाकुलम जिलों की कई महिलाओं का एक माफिया द्वारा शोषण किया गया था जो पैसे के बदले में उनके अंगों की तस्करी करता था।

## चिकमगलूरु में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, तीन लोग घायल

**चिकमगलूरु।** यहां जिले के मुदिगेरे तालुक के बानाकल में शुक्रवार को दो कारों की एक ट्रक से टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इनमें से एक कार चित्रदुर्गा में रहने वाले एक परिवार की थी।

पुलिस ने बताया कि वे तीर्थयात्रा के लिए दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गए थे। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना उस समय हुई, जब वे भगवान मंजूनाथ की पूजा करने के बाद अपने गृहनगर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रख दिया गया।

## उडुप्पी में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**उडुप्पी।** उडुप्पी तालुका में शिरवा मनिबेट्टू के नजदीक आकाशीय बिजली गिरने से 20 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात हुई घटना में रक्षित पुजारी की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक पुजारी अपने घर के बाहर शौचालय के पास खड़ा था तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। उसे मणिपाल के कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुजारी शिरवा मणिबेट्टू के तोतादामाने का रहने वाला था। वह शिरवा के एमएसआरएस कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहा था।

स्वाद




शुक्रवार को मैसूर के नज़राबाद स्थित प्रसिद्ध माइलारी होटल में डोसा का आनन्द लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

## विदेश मंत्रालय ने प्रज्ज्वल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा, क्यों न उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया जाए?

**नई दिल्ली/बेंगलूरु।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने जद (एस) के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा है कि उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों न रद्द कर दिया जाये। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने प्रज्ज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्यवाही कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पता चला कि कारण बताओ नोटिस ईमेल के जरिए भेजा गया है।

# तमिलनाडु के तीर्थ यात्रियों की जब जान हाथ में आ गई, आपात स्थिति में उतरा हेलिकॉप्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद स्थित श्री केदारनाथ धाम में शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में उतरे हेलिकॉप्टर में पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे। इसमें सवार सभी छह तीर्थयात्री तमिलनाडु के रहने वाले हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आज सुबह सात बजे क्रिटन एविएशन कंपनी का हैलिकॉप्टर ने शेरसी से छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी।

तकनीकी खराबी के कारण हेलिकॉप्टर को केदारनाथ हैलीपैड़ से लगभग 100 मीटर पहले आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि पायलट कैप्टन कल्पेश द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे आपातकालीन स्थिति में सकुशल लैंडिंग कराया गया जिसमें सवार श्रद्धालु, शिवाजी, अल्लू वेंकटचलम, महेश्वरी, सुन्दरा राज, सुमति और मयूर बाघवानी, सुरक्षित एवं सकुशल हैं। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया गया।रजवार ने बताया कि उक्त हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी एवं घटना की जांच डीजीसीए द्वारा की जा रही है। उक्त जांच पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त एविएशन कंपनी द्वारा केदारघाटी में उड़ान प्रारंभ की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि उक्त हैली कंपनी में जिन यात्रियों ने अपने टिकट बुक कराए हैं, उनको यथासंभव अन्य हैली कंपनियों के माध्यम से उड़ान की व्यवस्था कराई जा रही है।

# भाजपा का कर्नाटक सरकार पर निशाना, राजधानी को 'उड़ता बेंगलूरु' कहा

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में कानून व्यवस्था की कथित खराब स्थिति के लिए सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि राज्य की राजधानी मादक पदार्थों और रेव पार्टियों का अड्डा बनती जा रही है। भाजपा ने इसके लिए 'उड़ता बेंगलूरु' शब्द का भी इस्तेमाल किया। बेंगलूरु पुलिस द्वारा हाल में एक फार्महाउस में रेव पार्टी का भंडाफोड़ करने के बाद भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि जब से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है तब से बेंगलूरु में हर जगह अनैतिक आयोजन हो रहे हैं।

कर्नाटक भाजपा ने कन्नड भाषा में किए एक पोस्ट में कहा, कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है और सरकारी अव्यवस्था उजागर हो गई है। कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद बेंगलूरु में हर जगह अनैतिक आयोजन हो रहे हैं। 'सिलिकॉन सिटी' अब मादक पदार्थ, गांजा और रेव पार्टियों का अड्डा बन गयी है। भाजपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधने के लिए हैशटैग 'बैड बेंगलूरु' और हैशटैग 'कांग्रेसफेल्सकर्नाटक' के साथ मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तस्वीरों वाला एक पोस्टर भी जारी किया। भाजपा ने 'एक्स' पर साझा किए गए पोस्टर में राज्य की राजधानी को उड़ता बेंगलूरु करार देते हुए आरोप लगाया, सिलिकॉन सिटी मादक पदार्थों का 'अड्डा' बन रही है और यहां बड़े पैमाने पर रेव पार्टियां हो रही हैं। भाजपा ने 2016 में आई हिंदी फिल्म उड़ता पंजाब के संदर्भ में उड़ता बेंगलूरु शब्द का इस्तेमाल किया। ''उड़ता पंजाब'' फिल्म में युवाओं के नशीले पदार्थों के इस्तेमाल के बारे में दिखाया था।

आशीर्वाद



बेंगलूरु के कनकपुरा रोड स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आश्रम के संस्थापक श्री श्री रविशंकरगुरुजी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके साथ मंत्री मधु बंगरप्पा भी मौजूद रहे।

# 'उप मुख्यमंत्री और अन्य पर आरोप लगाकर प्रज्ज्वल के मामले को कमजोर कर रहे हैं कुमारस्वामी'

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को कहा कि जनता दल सेक्युलर के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.कुमारस्वामी अपने भतीजे एवं हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे दुष्कर्म एवं यौन उत्पीड़न के आरोपों को उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार एवं अन्य के बारे में 'बेतुकी बातें' कर कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जद(एस) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के परिवार ने प्रज्ज्वल को विदेश भागने में मदद की। सिद्दरामैया ने दावा किया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के लिए लिखे उनके दो पत्रों का प्रधानमंत्री कार्यालय ने जवाब नहीं दिया है। सिद्दरामैया ने कहा, उनके (कुमारस्वामी के) भतीजे ने बलात्कार और यौन उत्पीड़न किया है। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि वीडियो किसने वायरल किया। जिसने बलात्कार किया उसने अपराध किया है। इसे कमजोर करने के लिए कुमारस्वामी बेतुकी बातें कर रहे हैं और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और अन्य पर आरोप लगा रहे हैं। उन्हें देश के कानून का सम्मान करना चाहिए। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते हैं और पिछले महीने 27 तारीख को विदेश चले गए थे। इससे ठीक एक दिन पहले ही उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था।



प्रज्ज्वल पर महिलाओं के साथ यौन शोषण के कई मामले दर्ज हैं। ये मामले कथित तौर पर उनसे जुड़े कई अश्लील वीडियो सार्वजनिक होने के बाद सामने आए। निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी द्वारा दायर आवेदन बाद प्रज्ज्वल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# राजस्थान के अनेक जिलों में भीषण गर्मी का 'रेड अलर्ट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार को रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बीकानेर में बीती रात तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी। राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक दर्ज किया गया है। बाड़मेर में बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी के पूर्वानुमान के चलते 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

विभाग के अनुसार बीती रात सिरोही में न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 29 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनू) में 29.1 डिग्री सेल्सियस और अलवर में 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। विभाग ने आगामी कुछ दिन तक राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई है।

शुक्रवार को जयपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 45.8, चुरू में 44.4, जोधपुर में 46.8, बीकानेर में 44, जैसलमेर में 47.7, उदयपुर में 43 और कोटा में 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी का आलम यह है कि अब दिन के साथ साथ रातें भी बहुत गर्म होने लगी हैं। विभाग के अनुसार बीती रात सिरोही में न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 29 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनू) में 29.1 डिग्री सेल्सियस और अलवर में 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। विभाग ने आगामी कुछ दिन तक राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई है।

शुक्रवार को पूर्वी राजस्थान में अजमेर, बांसवाड़ा, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, जयपुर, झुंझुनूं, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और सीकर में हीटवेव चलने का अनुमान जताया है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर में रेड अलर्ड जारी करते हुए सीवियर हीट वेव चलने की आशंका जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर व कोटा संभाग में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने व कोटा, भरतपुर, जयपुर व अजमेर संभाग में आगामी 48 घंटों में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने का अनुमान है, हालांकि उसके बाद 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

एक दिन पहले के मौसम की बात करें तो गुरुवार को पश्चिमी राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर तथा पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर से तीव्र उष्ण लहर दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 48.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटो में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान पश्चिमी राजस्थान में 46 से 49 डिग्री सेल्सियस एवं पूर्वी राजस्थान में 43 से 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाड़मेर के अलावा गुरुवार को शाम 05.30 बजे फलौदी में 48.6 डिग्री, जैसलमेर में 47.5 डिग्री, जोधपुर शहर में 47.4 और चूरू में 47 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि माउंट आबू में सबसे कम 35.8 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

## हीटवेव से 12 लोगों की मौत की पुष्टि, किरोड़ी लाल ने किया राहत का ऐलान

जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी से अब तक 12 लोगों की मौत हो गई है। राजस्थान में पिछले तीन दिनों में हीट स्ट्रोक से हुई मौतों की राजस्थान सरकार ने आधिकारिक पुष्टि कर दी है। राजस्थान सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में हीट स्ट्रोक से 12 लोगों की मौत हुई है। मंत्री ने इन सभी लोगों के परिजनों को राहत पैकेज देने का ऐलान किया है। बचाव एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा, 'प्रदेश में गर्मी तेज है। इससे राजस्थान में 12 लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेशवासियों को आपदा विभाग ने सावधान रहने के निर्देश दे दिए हैं। ये प्राकृतिक आपदा है. मई महीने में इतना टेंपरेचर होता नहीं है, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग बड़ा कारण है। विभाग ने नागरिकों को सावधानी बरतने के निर्देश हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी ने लॉकअप में आत्महत्या की

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म के गिरफ्तार आरोपी ने बृहस्पतिवार देर रात थाने के लॉकअप में कंबल को काटकर उसका फंदा बनाया और उससे लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि चावंडिया कलां गांव निवासी राकेश सीरवी (30) को बृहस्पतिवार को अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 डी, 365, 342 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने देर रात लॉकअप में कंबल को काटकर उसका फंदा बनाया और उस पर लटक गया। उन्होंने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है और अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ दुष्कर्म के मामले दर्ज हैं ।

## छात्रावास में पंखे से लटककर एक छात्र ने कथित आत्महत्या की

जयपुर। राजधानी जयपुर के एक कॉलेज छात्र ने छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह यह मामला सामने आया। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान अक्षय प्रजापत (21) के तौर पर की गयी है ।

उन्होंने बताया कि कल रात जब उसने फांसी लगाई तो उसका साथी उस समय वहां मौजूद नहीं था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब अक्षय का साथी कमरे पर लौटा तो उसने (अक्षय ने) दरवाजा नहीं खोला, जिसके बाद उसने छात्रावास अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब दरवाजा तोड़ा गया तो अक्षय फंदे से लटकता मिला।

# सही ढंग से काम नहीं करने वाले सरकारी अफसरों और कर्मचारियोंको दी जाएगी अनिवार्य सेवानिवृत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार ने ऐसे अफसरों व कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय कर लिया है जो सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। सरकार ने सभी विभागों को ऐसे अफसरों व कर्मचारियों की स्क्रीनिंग करने के आदेश दिए हैं। इसमें उन्हीं कर्मचारियों व अफसरों को शामिल किया जाएगा जिनकी 15 वर्ष की सेवा पूरी हो चुकी है या जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक हो गई है। दोनों में से जो भी पहले हो।

राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राजस्थान सिविल सेवायें (पेंशन) नियम 1996 के नियम 53 (1) के अनुसार ऐसे सरकारी अधिकारी/कर्मचारी जो अकर्मण्यता, संदेहास्पद सत्यनिष्ठा, अक्षमता एवं अकार्यकुशलता अथवा असंतोषजनक कार्य निष्पादन के कारण जनहितार्थ आवश्यक उपयोगिता खो चुका है, उनकी स्क्रीनिंग की जाए। ऐसे सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों को तीन माह के नोटिस अथवा उसके स्थान पर तीन माह के वेतन व गत्तों के भुगतान के साथ तुरन्त प्रभाव से राज्य सेवा से सेवानिवृत्ति किया जा सकेगा।

अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही वित्त (नियग) विभाग, प्रशासनिक सुधार विभाग एवं कार्मिक विभाग के नियमों की पालना सुनिश्चित कर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही की जा सकेगी।

सभी प्रशासनिक विभागों और विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि इस आदेश के क्रम में सभी राज्य सेवा अधिकारियों/कर्मचारियों की स्क्रीनिंग कर जनहितार्थ अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करे। साथ ही सीमा अनुसार बिन्दुवार अद्यतन सूचना माहवार विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे : भाजपा नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्रों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर बनर्जी पर निशाना साधा।

सैनी ने उन पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए इसे बेहद निंदनीय बताया। उन्होंने यहां पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश में तुष्टीकरण की राजनीति के बल पर फूट डालने और लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने का कुत्सित प्रयास किया है। लोकतंत्र में संवैधानिक प्रक्रिया के खिलाफ किसी भी जनप्रतिनिधि की ऐसी भाषा और आचरण माफी योग्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यक समुदाय को 10 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया था। सैनी ने कहा कि ममता बनर्जी अपनी जिद के कारण उच्च न्यायालय के आदेशों का खुलेआम अपमान कर रही हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस पर न्यायालय की गरिमा पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तुष्टीकरण के नाम पर ये लोग किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

## एईएसएल ने हिंदी भाषा में किया 'आकाश आईट्यूटर' का शुभारंभ

उदयपुर। परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिंदी माध्यम के छात्रों के लिये नया कदम उठाते हुये हिंदी भाषा में 'आकाश आईट्यूटर' का शुभारंभ किया है। एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों को बताया कि यह नयी सेवा हिंदी माध्यम में छात्रों को नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिये शिक्षा सामग्री प्रदान करेगी। यह भारत में विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिये क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एईएसएल की योजना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि हिंदी में अपने प्रसिद्ध शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करके, हमारा लक्ष्य हिंदी भाषी छात्रों की अनूठी जरूरतों को पूरा करना और उन्हें उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में सक्षम बनाना है।

# हीटवेव प्रबंधन की समीक्षा, तीन दिन में व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश, शिकायत मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि हीटवेव को लेकर राजस्थान रेड अलर्ट श्रेणी में है और मौसम विभाग ने आगामी समय में भी अत्यधिक गर्मी एवं लू की चेतावनी दी है। ऐसे में प्रदेश का समस्त चिकित्सा प्रबंधन संवेदनशीलता के साथ हीटवेव से बचाव एवं उपचार की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि आवश्यक रूप से क्रियाशील रहें। जहां भी हीटवेव को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं में गेप है, वहां 3 दिन के भीतर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुचारू करें, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी और कार्मिक के विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

श्रीमती सिंह शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर चिकित्सा संस्थानों में किसी तरह की कमी नहीं रहे। किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण मरीजों को होने वाली असुविधा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने संयुक्त निदेशक जोन को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए आरएमआरएस की बैठक तुरंत कर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के चलते आरएमआरएस की बैठकें नहीं हो पा रही थीं। इसके चलते चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की खरीद एवं अन्य कार्य बाधित हो रहे थे, लेकिन तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए चुनाव आयोग की सहमति के अनुसार ये बैठकें आयोजित की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा कि संसाधनों की खरीद आदि में समय लगने तक वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध बजट का युक्ति संगत उपयोग किया जाए। इसके लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल आरएमआरएस की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर कूलर, एसी, डक्टिंग, वाटर कूलर, दवा आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

श्रीमती सिंह ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में होने वाली मौतों की डेथ ऑडिट कमेटी द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की जाए। इसके बाद ही हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों की आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी रोगी के मृत्यु के कई कारण हो सकते हैं, इसलिए डेथ ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही यह घोषित किया जाए कि मौत का कारण हीट स्ट्रोक है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू, मलेरिया आदि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एन्टीलार्वा एवं सोर्स रिडक्शन सहित अन्य गतिविधियां सघनता के साथ की जाएं। जहां भी केस सामने आए, वहां इन गतिविधियों को बढ़ाया जाए एवं प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही की जाए। रोकथाम गतिविधियों को लेकर स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक की जाए।



# न्यू क्रिमिनल लॉज के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें : साहू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में नवीन आपराधिक कानूनों (न्यू क्रिमिनल लॉज-2023) के संदर्भ में अनुसंधान अधिकारी (आईओ) के लिए हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट के पोस्टर का विमोचन किया।

आईओ हैंडबुक में पुलिस अनुसंधान प्रक्रिया का पुराने और नए कानूनों के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण, राजस्थान पुलिस अधिनियम एवं रेगुलेशन के संदर्भित प्रावधान एवं विधि विज्ञान के अनुसंधान में उपयोगी सामग्री के साथ ही इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स के संदर्भ और विवेचन के लिए तार्किक फ्लो चार्ट एवं ब्रोशर का समावेश किया गया है। डीजीपी साहू ने इस अवसर पर अधिकारियों को हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन फ्लो चार्ट की प्रतियों को पुलिस रेंज, जिला, वृत एवं थाना स्तर तक वितरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि 'न्यू क्रिमिनल लॉज-2023' के बारे में प्रदेश में जारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें।

डीजीपी साहू ने बताया कि आगामी 01 जुलाई से देश में लागू होने वाले नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में राज्य में पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 12,000 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों-2023 का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जून-2024 के अन्त तक राज्य के समस्त पुलिस अनुसंधान अधिकारियों की ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी।

प्रदेश में इन कानूनों के सम्बंध में गत फरवरी माह में डीजीपी की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्तर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त महानिदेशक, महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 72 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इसी सिलसिले में जिला प्रशिक्षण केन्द्रों पर पुलिस बल को ऑफलाईन, ऑनलाईन, सीडीटीआई एवं प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 300 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए, जो जिलों व प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

# जयपुर में हो रहा है अत्याधुनिक हरे कृष्ण सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। समाज में आध्यात्मिकता को फिर से जीवंत करने एवं परिवर्तन लाने के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में अत्याधुनिक हरे कृष्ण सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। यह हरे कृष्ण सांस्कृतिक केन्द्र जगतपुरा में श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में छह एकड़ भूमि में बनाया जा रहा है। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर और मुंबई के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि इसकी लागत लगभग 150 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। इसके निर्माण में अब तक 50 करोड़ खर्च कर दिए गए है। काम तेज गति से चल रहा है और इसके मार्च 2027 तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां तीन सौ कारीगर, पत्थर के मूर्तिकार, राजमिस्त्री, संगमरमर बिछाने के विशेषज्ञ आदि के काम करने से इसके निर्माण में और तेजी आयेगी।

उन्होंने बताया कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं होते बल्कि यह एक ऐसा स्थान है जहां सभी जाति, रंग, पंथ और विभिन्न आयु वर्ग के लोग आ सकते हैं और वेदों, पुराणों, रामायण और महाभारत में दिए गए ज्ञान से लाभ उठा सकते हैं। मंदिर की वास्तुकला आधुनिक और पारंपरिक राजस्थानी वास्तुकला का मिश्रण होगी। इसमें राजस्थान के कई पारंपरिक मंदिरों और ऐतिहासिक स्मारकों में पाए जाने वाली वास्तुशिल्प की छाप भी होगी। आधुनिक वास्तुशिल्प जैसे ग्लास, जीआरसी, कंपोजिट सामग्री, फोम कास्टिंग, हल्के वजन वाले कंक्रीट आदि का भी इसमें उपयोग किया जाएगा।



इस सांस्कृतिक केंद्र को हरित स्वर्ग में बदलने के लिए सहजन, नीम, शीशम, पीपल, बरगद, चंदन, कदंब, रुद्राक्ष, कल्पवृक्ष, अश्वगंधा, पारिजात, एलोवेरा, मेसवाक और कई अन्य महत्वपूर्ण पौधे लगाए जा रहे हैं और पूरे परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रदर्शनी स्थल जहां कालातीत संदेश और मूल्यों को एनीमेशन, प्रकाश और ध्वनि शो आदि का उपयोग करके प्रस्तुत किया जाएगा। केन्द्र में 30 मीटर की लंबाई के साथ सबसे बड़ी कामन छतरी होगी। इसी तरह

मयूर द्वार में पेंटिंग, पत्थर की मूर्ति और कांच जड़ाई के काम के रूप में 108 मोर रूपांकनों का प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर के हॉल में एक साथ तीन हजार लोग बैठ सकेंगे। मंदिर में हाथी हौदा दरवाजे एवं सीढ़ियों के साथ छह भव्य प्रवेश द्वार होंगे। एक संग्रहालय होगा जो भारत के इतिहास और संस्कृति को दर्शाने वाली कलाकृतियां, पेंटिंग, मूर्तियां और अन्य प्रदर्शनियां प्रदर्शित करेगा।

उन्होंने बताया कि यहां विश्व शांति के लिए हरिनाम जप मंडप में आगंतुक और तीर्थयात्री 108 जाप कर सकेंगे। कृष्ण लीला एक्सपो में भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। ये सारी विशेषता सांस्कृतिक केंद्र को एक अनूठा स्थान बना देंगी जो राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का समग्र अनुभव प्रदान करेगा। यह तीर्थयात्रा और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए भी एक लोकप्रिय स्थल होगा।

इस कारण यह केंद्र अन्य इमारतों से अलग दिखेगा। हरे कृष्णा मूवमेंट जयपुर लोगों में ईश्वरीय चेतना जागृत करने के इसी सिद्धांत पर काम करता है। वर्डवाइड हरे कृष्णा मूवमेंट के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद ने कहा हम ईश्वर चेतना के माध्यम से मानव समाज को खुशी, अच्छे स्वास्थ्य, मन की शांति और सभी अच्छे गुणों वाले जीवन का अवसर देने का प्रयास कर रहे हैं।

## ग्रीष्म ऋतु के रोगों से निपटने के लिए प्रत्येक जिले को आपातकालीन दवा क्रय हेतु अतिरिक्त सहायता राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भीषण गर्मी और लू की भयावहता को लेकर राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। राज्य सरकार ने पशुपालन और गोपालन विभाग को निर्देश प्रदान किए हैं कि वर्तमान में भीषण गर्मी के मद्देनजर जिलों में संचालित गोशालाओं में संधारित गोवंश के लिए पीने के स्वच्छ जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही गर्मीजनित बीमारियों से किसी गोवंश की मौत न हो इस बात के पुख्ता और माकूल इंतजाम किए जाएं।

प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन और गोपालन विकास सीताराम भाले ने बताया कि जिलों में स्थित गोशालाओं में किसी भी प्रकार से पेयजल की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर्स को जिलों में संचालित गोशालाओं में गोवंश के पीने के लिए स्वच्छ जल की आवश्यकतानुसार निर्बाध आपूर्ति टैंकर या अन्य उपलब्ध साधनों से कराने के निर्देश 21 मई और 24 मई को दे दिए गए हैं। भाले ने बताया कि गोशालाओं में संधारित गोपशुओं को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए जिलों को एक-एक लाख रुपये आपातकालीन दवा क्रय हेतु उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मौसमी बीमारी से किसी गोवंश की मृत्यु न होने पाए। उन्होंने बताया कि लंपी से बचाव के लिए 25 मई से प्रारंभ हो रहे टीकाकरण कार्यक्रम में जिलों में संचालित गोशालाओं को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।



# कांग्रेस के लिए 'भ्रष्टाचार का एटीएम' है झारखंड : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जामताड़ा/देवघर/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी झारखंड को 'भ्रष्टाचार के एटीएम' के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) राज्य में भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

शाह ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''कांग्रेस के लिए, झारखंड उसका वोट बैंक, संपत्ति, भूमि बैंक और भ्रष्टाचार का एटीएम है...हेमंत सोरेन सहित भ्रष्ट झामुमो नेता कांग्रेस की गोद में बैठे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल झारखंड के बूढ़ा पहाड़ समेत पूरे देश को नक्सलियों से मुक्त कराया, बल्कि 'आदिवासियों के साथ न्याय' किया। उन्होंने कहा, ''सोनिया-मनमोहन शासन के दौरान आदिवासियों के लिए बजट मुश्किल से 25,000 करोड़ रुपये था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में इस बजट को बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।''

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि झारखंड में पशु तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। शाह भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए प्रचार कर रहे थे, जो दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इसके बाद देवघर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए दावा किया कि उसके पास 'नेता, नीति या नीयत' नहीं है और केवल नरेन्द्र मोदी ही देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता वंशवादी राजनीति के पक्षधर हैं।

शाह ने कहा, ''लालू प्रसाद चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने, उद्धव ठाकरे चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने, शरद पवार चाहते हैं कि उनकी बेटी मुख्यमंत्री बने, ममता दीदी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।''

# मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : जेपी नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कुशीनगर/बलिया (उप्र)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए दावा किया कि (नरेन्द्र) मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। नड्डा यहां कुशीनगर संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा सांसद विजय दुबे और बलिया लोकसभा क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवार नीरज शेखर के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

मोदी के कार्यों की सराहना करते हुए नड्डा ने आंकड़ों के हवाले से कहा, ''कोरोना की मार, यूक्रेन के युद्ध की चपेट के बावजूद भारत 11वें नंबर से छलांग लगाकर मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया।'' उन्होंने कहा, ''मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।'' सभाओं में विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया गठबंधन' पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ''घमंडिया गठबंधन दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा और अति पिछड़ा विरोधी है क्योंकि आदिवासी, दलित, पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहते हैं।''

भाजपा प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि घमंडिया गठबंधन राम विरोधी, सनातन विरोधी है और ये राष्ट्र विरोधी है। कोरोना संकट की याद दिलाते हुए नड्डा ने कहा कि



''दुनिया का कोई नेता कोरोना से लड़ने से सक्षम नहीं था, अमेरिका, यूरोप, जापान फैसला नहीं कर पाया लेकिन मोदी जी ने लॉकडाउन कर दो माह में देश को सक्षम बनाया और कहा कि जान भी है, जहान भी है।'' बार-बार भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि ''सही जगह बटन दबता है तो विकास होता है, और गलत जगह बटन दबने पर बहू बेटियों की इज्ज़त खतरे में पड़ती है, व्यापारियों को पलायन करना पड़ता है।'' नड्डा ने कहा कि आपको अपनी अंगुली की ताकत का सही इस्तेमाल करना है।

दोनों सभाओं में उन्होंने कहा कि ''जनता के उत्साह, उमंग, खुशी एवं ऊर्जा को देखकर आश्वस्त हो गया हूं कि आपने विजय दुबे और नीरज शेखर को लोकसभा में फिर भेजने का मन बना लिया है! सवाल दुबे का नहीं मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का है।'' उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अपना मन बना लिया लेकिन अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और साथियों को भी मेरा संदेश पहुंचा दीजिए कि यह चुनाव मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।


भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि उजाले का महत्व तभी समझ में आता है, जब अंधेरे की त्रासदी भी ध्यान में हो, अमावस्या को जब तक ध्यान में नहीं रखोगे तब तक पूर्णमासी को नमन करने का मन नहीं होता।''

# मणिपुर हिंसा मामले में न्यायालय ने कहा : भावनाओं में नहीं बह सकते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भावनाओं के साथ सुनवाई नहीं कर सकता और कानून के तहत ही कार्यवाही करेगा। अदालत ने इसी के साथ उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्ति की रक्षा करने के शीर्ष अदालत के आदेश का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह इस दलील से संतुष्ट नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव सहित प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना का मामला बनाया गया है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपाय का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त



सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता एवं राज्य और केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए जमीन पर हरसंभव प्रयास कर रही हैं।

भाटी ने कहा, ''मामले को हमेशा चर्चा में रखने की कोशिश की जा रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का कर्तव्य है कि वह सभी की रक्षा करे और इस मामले में अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जा सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया था कि प्रतिवादियों ने जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा करने के पिछले साल 25 सितंबर को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की अवमानना की है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से सवाल किया, ''आपके अनुसार किसने अवमानना की है?'' इसपर वकील ने कहा कि मुख्य सचिव और अन्य ने। इसपर पीठ ने कहा, ''वे अतिक्रमणकर्ता नहीं हैं।'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मणिपुर से बाहर रह रहे हैं और वे इंफाल के नजदीक भी जाने की स्थिति में नहीं है। इसपर पीठ ने कहा, ''इसका अभिप्राय यह नहीं है कि मुख्य सचिव के खिलाफ नोटिस जारी किया जाए।'' भाटी ने पिछले साल 25 सितंबर के आदेश का संदर्भ दिया, जिसमें था कि मणिपुर सरकार और केंद्र को विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनका अतिक्रमण रोकने सहित निर्देशों का जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है।

# प.बंगाल और बांग्लादेश के बीच रविवार रात को टकराएगा चक्रवात रेमल: आईएमडी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात रविवार आधी रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच टकराएगा। यह बंगाल की खाड़ी में इस मॉनसून पूर्व मौसम का पहला चक्रवात है और हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार इसका नाम रेमल रखा जाएगा। यह चक्रवात शनिवार सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा और शनिवार रात तक और भी तीव्र होकर एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा। आईएमडी ने कहा, इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में रविवार आधी रात के करीब सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की काफी संभावना है। रविवार को चक्रवात के प्रभाव में हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी है। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। तूफान के टकराने के समय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में 1.5 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

# प्रवासी नेताओं को सही सबक सिखाया जाना चाहिए : तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए कहा कि मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों में पार्टी को हराकर बाहर से पश्चिम बंगाल आने वाले प्रवासी नेताओं को उचित सबक सिखाना चाहिए।



तृणमूल उम्मीदवार प्रतिमा मंडल के समर्थन में दक्षिण 24 परगना के जयनगर में एक रैली में अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि राज्य में आने वाले बाहरी लोग पश्चिम बंगाल की समृद्ध परंपरा और संस्कृति से अवगत नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा, ''वोट मांगने के लिए पश्चिम बंगाल आने वाले प्रवासी नेताओं को सही सबक सिखाया जाना चाहिए। उन्हें राज्य की परंपरा और संस्कृति के बारे में जरा भी जानकारी नहीं है।''

तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि पिछले पांच चरणों के मतदान के बाद अब तक के संकेतों के अनुसार 'बांग्ला विरोधी' भाजपा पहले ही पराजित हो चुकी है। उन्होंने कहा, ''एक जून को सभी चरण के मतदान समाप्त होने के बाद भाजपा के विसर्जन का समय आ गया है।''

उन्होंने दावा किया कि लोगों ने स्वत: स्फूर्त रूप से भाजपा के खिलाफ मतदान किया है। अभिषेक ने कहा कि चुनाव के बाद केंद्र में एक नई सरकार बनेगी जो लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील होगी।

# गोलगप्पे खरीदने को लेकर दो समूहों के बीच झड़प, छह लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले के आर्य नगर में बृहस्पतिवार को पानी की बोतलें और गोलगप्पे खरीदने को लेकर आग्नेयास्त्रों, लाठी-डंडों से लैस दो समूहों के सदस्यों के बीच झड़प हो गई, जिसमें छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कानपुर देहात जिले के रनिया थाने के थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शुक्रवार को 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये लोगों में चार घायल भी शामिल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (अकबरपुर) में भर्ती कराया गया था। थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया।

# विषाक्त खाना खाकर 50 से अधिक स्कूली बच्चे बीमार

**औरंगाबाद/भाषा।** बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत एक सरकारी स्कूल में शुक्रवार को कथित रूप से विषाक्त भोजन खाकर 50 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय अरथुआ हिंदी में मध्याह्न भोजन करते ही कई छात्र-छात्रा उल्टी करने लगे एवं पेट में दर्द होने की शिकायत की। इस पर स्कूल के शिक्षक और ग्रामीणों ने भोजन रखे बर्तन की जांच की तो चावल में छिपकली मिली। घटना की सूचना मिलते ही कासमा थाने की पुलिस ने बीमार बच्चों को उपचार के लिए तुरंत स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि सभी छात्र खतरे से बाहर हैं जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के कारण विद्यालय के छात्र बीमार पड़े। इसमें जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे बक्शे नहीं जाएंगे।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में आजम खान, पत्नी और बेटे को जमानत मिली

**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान के जन्म प्रमाणपत्र में कथित फर्जीवाड़ा मामले में आजम खान, उनकी पत्नी डाक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने हालांकि केवल आजम खान की सजा पर रोक लगाई जबकि डाक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को राहत देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे द्वारा दायर तीन आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे ने अब्दुल्ला के जन्म प्रमाणपत्र के कथित फर्जीवाड़ा मामले में रामपुर के सत्र न्यायालय द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को सुनाई गई सात साल की सजा को चुनौती दी थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक यह मामला तीन जनवरी 2019 का है। रामपुर के निवासी और मौजूदा समय में रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम खान के लिए दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के आरोप में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद सत्र अदालत ने 18 अक्टूबर 2023 को इस मामले में तीनों को सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

# मोदी सरकार ने 10 साल में देश के जल, जंगल और जमीन को लूटा : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवघर (झारखंड)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर अंग्रेजों की तरह पिछले 10 वर्ष में देश के जल, जंगल और जमीन को लूटने का आरोप लगाया। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धार्मिक आधार पर देश को विभाजित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने हमेशा से हिंदुओं और मुसलमानों को एकजुट करने का काम किया है।

झारखंड के देवघर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, ''अंग्रेजों की तरह, मोदी सरकार ने 10 साल के दौरान देश का जल, जंगल और जमीन लूटा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संपत्तियों को अपने अरबपति दोस्तों को सौंप दिया। हमने अंग्रेजों का सामना किया है और हम भाजपा से डरते नहीं हैं।''

उन्होंने दावा किया कि पिछली संप्रग (कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकारों ने जल, जमीन और जंगल की रक्षा के लिए कानून बनाए थे लेकिन मोदी सरकार ने नियमों को बदल दिया और कानून को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं और मुस्लिमों को एकजुट करती है, जबकि मोदी हिंदुओं और मुस्लिमों को बांटते हैं। कांग्रेस नेता ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर संविधान बचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस आदिवासियों के लिए अलग सरना धार्मिक संहिता लागू करेगी।

# महेंद्र सिंह धोनी के खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं: मोहम्मद कैफ



**मुंबई/भाषा।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। पिछले साल घुटने की चोट के लिए सर्जरी करवाने वाले सीएसके के पूर्व कप्तान धोनी ने इस सत्र में 73 गेंदों में 220.55 के स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए। उन्होंने विकेटकीपर के रूप में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। कैफ को लगता है कि धोनी के पास खेलने के लिए काफी कुछ बचा है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे कैफ ने कहा, ''व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आखिरी लीग मैच) नहीं जीत सका। आखिरी ओवर में छक्का मारने के बाद वह आउट हो गया। आप उसकी बॉडी लैंग्वेज देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि सीएसके के लिए मैच नहीं जीत पाने से वह काफी निराश लग रहा था।'' उन्होंने कहा, ''उसे वापस क्यों नहीं आना चाहिए? वह फिट है, वह रन बना रहा है और छक्के लगा रहा है और खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं है... यह उस पर निर्भर करता है, हम धोनी के बारे में यह नहीं कह सकते कि उसकी योजना क्या है।''

## बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

# कसाई गिरफ्तार, शव के टुकड़ों का पता लगाने में ली जा रही आरोपी की मदद

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की ''हत्या'' में संलिप्तता के आरोप में राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया।

कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सों को प्लास्टिक की थैलियों में डालकर अलग-अलग जगहों पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है। उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और अपनी असली पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था।'' उन्होंने कहा, अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था।



# ममता बनर्जी की टिप्पणी के खिलाफ संन्यासियों ने कोलकाता में निकाली रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ साधुओं के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कथित टिप्पणी के विरोध में संन्यासियों ने शुक्रवार को कोलकाता में रैली निकाली।

'संत स्वाभिमान यात्रा' नाम से विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने राज्य में संतों की शीर्ष संस्था बंगीय संन्यासी समाज के सदस्यों के साथ मिलकर उत्तरी कोलकाता के बागबाजार से स्वामी विवेकानंद के पैतृक निवास 'शिमला स्ट्रीट' तक रैली निकाली।

एक प्रदर्शनकारी संन्यास ने कहा, ''हम अपने खिलाफ माननीय मुख्यमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हैं। हम अपमानजनक टिप्पणियों से दुखी हैं और अपमानित महसूस कर रहे हैं। वह राज धर्म का पालन नहीं कर रही हैं।'' वीएचपी के वरिष्ठ नेता सौरिश मुखर्जी ने कहा, ''वोट बैंक की राजनीति के कारण मुख्यमंत्री रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी कर रही हैं।''

हाल में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीएमसी प्रमुख पर वोट बैंक की राजनीति के लिए भिक्षुओं को धमकाने का आरोप लगाया था।

मोदी की यह टिप्पणी उपद्रवियों द्वारा जलपाईगुड़ी में रामकृष्ण मिशन (आरकेएम) परिसर में तोड़फोड़ करने और बंदूक की नोक पर संन्यासियों और अन्य कर्मचारियों को धमकी देने के एक दिन बाद आई थी। बनर्जी ने अपने रुख का बचाव करते हुए कहा था कि उन्होंने केवल उन मठ के कुछ विशेष लोगों की आलोचना की है, संस्थानों की नहीं।

# आईपीएल 2022 में कार्तिक ने मेरा तब मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था : कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे। कार्तिक ने बुधवार को अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। कोहली ने आरसीबी द्वारा पोस्ट किये वीडियो में कहा, ''मैदान के बाहर मेरी उनसे काफी अच्छी और दिलचस्प बातें हुई हैं। वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की जानकारी भी है।''

लगभग 11 मिनट के इस वीडियो में कार्तिक पत्नी दीपिका पल्लीकल कार्तिक, उनके व्यक्तिगत मेंटोर अभिषेक नायर, आरसीबी के सहायक कोच मालोलान रंगराजन और फिटनेस कोच शंकर बासु के विदाई संदेश हैं।



कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाये थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गयी थी। कोहली ने कहा, ''मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था।'' उन्होंने कहा, ''वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था।'' आईपीएल के अनुभवी कार्तिक शुरूआती 2008 आईपीएल से सभी चरण में खेले हैं, उन्होंने छह फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 257 मैच में 22 अर्धशतक से 4,842 रन बनाये। कोहली ने कहा, ''मुझे उसकी ईमानदारी और साहस बहुत पसंद हैं, वह जो महसूस करता है, इसके बारे में किसी से भी बात कर सकता है। मुझे लगता है कि दिनेश की यह चीज मेरे लिए काफी विशेष है। मुझे उनके बारे में यह चीज बहुत पसंद हैं इसलिये हमारा आपस में तालमेल काफी बढ़िया है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वह तकनीक के मामले में कितने सही खिलाड़ी हैं और वह किसी भी भूमिका में ढल सकते हैं। मुझे 2013 सत्र याद है जिसमें उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए करीब 600 रन बनाये थे।''

## सुविचार

**गलती कबूल करने और गुनाह छोड़ने में कभी देर ना करें, क्योंकि सफर जितना लम्बा होगा, वापसी उतनी ही मुश्किल हो जायेगी।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'कटोरा' और ठंडे छींटे

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यह बयान कि अब उनके देश के अधिकारी आर्थिक संकट से निपटने के लिए भीख का कटोरा लेकर मित्र देश नहीं जाएंगे, से मिले संकेतों को ध्यान में रखते हुए भारत को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इस समय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था कोई बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, लेकिन उसके प्रधानमंत्री का बयान यह संकेत जरूर देता है कि उसे किसी 'स्रोत' से इतने डॉलर मिल गए / मिलने की संभावना है, जिससे वह आतंकवाद की आग फिर भड़का सकता है। इन दिनों पाकिस्तानी मीडिया में इस बात को लेकर काफी चर्चा है कि सरकार राष्ट्रीय संपत्तियों को 'बेचकर' अपना खजाना भरने की फिराक में है। इसका एक बड़ा हिस्सा नेताओं, सरकारी अधिकारियों और फौजी अफसरों की जेब में जाएगा। एक छोटा हिस्सा आम जनता पर खर्च होगा। एक और हिस्सा आतंकवाद की फंडिंग के लिए रख लिया जाएगा। इस तरह पाकिस्तान के खजाने में आया एक-एक डॉलर शांति के लिए खतरा है। पाकिस्तान में पिछले लगभग दो दशकों में 'कश्कोल' शब्द चर्चा में रहा है। इसका अर्थ होता है- भीख मांगने का कटोरा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इसे बहुत मशहूर कर दिया था। वे कहते थे कि यह 'कश्कोल' मैं तोड़ूंगा। उनके सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान का कश्कोल तो नहीं टूटा, अलबत्ता उसका आकार और बड़ा हो गया, ताकि उसमें ज्यादा संख्या में 'माल' आ सके। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को संबोधित करते हुए शहबाज का यह कहना कि 'मेरे प्यारे भाई, आपने अपने महान पिता की तरह, एक भाई की तरह, परिवार के सदस्य की तरह पाकिस्तान का समर्थन किया', को भी समझने की जरूरत है।

दरअसल शहबाज भविष्य में भी आर्थिक सहायता पाने का रास्ता तैयार कर रहे हैं, ताकि जब तक उनकी सरकार रहे, आर्थिक संकट उनके लिए और बड़ी मुसीबत न बने। पाकिस्तान के लिए आने वाला समय आसान नहीं होने जा रहा है। उसके राजस्व का एक बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने पर खर्च हो जाता है। अब चीन भी पाक को 'लाल आंखें' दिखा रहा है। हाल के वर्षों में वहां चीनियों पर ताबड़तोड़ आतंकवादी हमले हुए हैं। पाक सरकार की मंशा थी कि इन हमलों के बाद जिस तरह पाकिस्तानियों को टरका दिया जाता है, उसी तरह चीनियों को भी टरका देंगे, लेकिन बीजिंग ने इस्लामाबाद की यह 'चाल' विफल कर दी। अब उसे पांच चीनी नागरिकों के परिवारों को 2.58 मिलियन डॉलर देने होंगे। ये लोग इस साल मार्च में खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के बिशम इलाके में एक आत्मघाती धमाके में मारे गए थे। पाकिस्तान ने इसे 'सद्भावना' के तौर पर दिया जा रहा मुआवजा बताया है, लेकिन असलियत कुछ और है। चीन अपने नागरिकों का पाकिस्तान में यूं मारा जाना बर्दाश्त नहीं कर सकता। ऐसी घटनाओं से चीन में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। पाक में कार्यरत चीनी कर्मचारी आतंकवादी हमलों से भयभीत हैं। उनमें से कई तो स्वदेश लौटने की तैयारी कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से मुआवजे की घोषणा चीनियों के आक्रोश पर ठंडे छींटे डालने की कोशिश है। इससे पाक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। यह नहीं भूलना चाहिए कि इस पड़ोसी देश में चीनियों पर पहली बार आतंकी हमला नहीं हुआ है। पिछले पांच वर्षों में हुईं घटनाओं पर ध्यान दें तो पता चलता है कि समय के साथ हमले ज्यादा घातक हुए हैं। भविष्य में भी ऐसी घटनाओं के होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। अगर आतंकवादियों ने चीनियों को फिर निशाना बनाया तो पाकिस्तान का 'कटोरा' और बड़ा हो सकता है।

## ट्वीटर टॉक



पाकिस्तान के लोग परेशान हैं मैं जानता हूं और उनकी परेशानी का कारण भी मैं हूं, ये भी मैं जानता हूं। लेकिन दुख इस बात का है कि जब मेरे ही देश के एक जिम्मेदार व्यक्ति, जिम्मेदार पार्टी के व्यक्ति कहे कि कसाब ने हमारे देशवासियों को नहीं मारा था।

**-नरेन्द्र मोदी**



हरियाणा के अंबाला में हुए सड़क हादसे में श्रद्धालुओं की मृत्यु दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उन्हें यह अपूर्णीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**-ओम बिरला**



भारत की 16 वर्षीय बेटी काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की भारतीय पर्वतारोही बन गई हैं और नेपाल की ओर से चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय पर्वतारोही हैं। आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे भारतवर्ष को गर्व है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

साधना से विकृति उन्मूलन



एक अनुयायी द्वारा बुद्ध से पूछा गया, 'इतनी तपस्या के बाद आपने क्या पाया?' बुद्ध बोले, 'जो मुझे पाना था वह पहले से ही मेरे पास था। मैंने पाने के लिए नहीं खोने के लिए साधना की। मैंने क्रोध खोया, जो मेरे क्षमा भाव को प्रकट नहीं होने दे रही थी। मैंने अभिमान खोया, जो मेरी मृदुता को नष्ट किये बैठा था। मैंने माया खोई, जिसने सरलता को नष्ट किया था और लोभ खोया, जो मेरी पवित्रता को नष्ट कर देता था। जितना संतोष है उतनी पवित्रता है। धर्म की साधना का मतलब है, मैं अपने भीतर की विकृतियों को रोज-रोज हटाता जाऊं। यही तो मेरी साधना का मूल तत्व है।'

## सामयिक

# चाबहार का भू-राजनीतिक महत्व

**डॉ. नवीन कुमार मिश्र**
**मोबाइल : 8004273536**

भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद चाबहार परियोजना पर 13 मई 2024 को दस वर्ष के अनुबंध के हस्ताक्षर हो गए। यह समझौता भारत व ईरान के आर्थिक संबंधों में मील का पत्थर साबित होने के साथ ही भारत के रणनीतिक और कूटनीतिक हितों के लिए भी बेहद अहम भी है। यह समझौता वर्ष 2016 के ऑपरेशन समझौते की जगह लेता है, जिसे प्रत्येक वर्ष नवीनीकृत किया जाता था। भारत चाबहार बंदरगाह के शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल का प्रबंधन करेगा, जो ईरान के दक्षिण-पश्चिम सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत व ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह परियोजना चीन की बेल्ट व रोड इनिशिएटिव को कमजोर करने के साथ ही पाकिस्तानी बंदरगाहों की बाधाओं से मुक्ति दिलाने वाली है। इसलिए चाबहार को विकसित करने की भारत की इच्छा दशकों पुरानी रही है, जहां से अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर स्थित जरंज शहर के रास्ते दक्षिणी अफगानिस्तान का पूरा फलक खुल जाता है। यही कारण है कि भारत ने वर्ष 2002 में ही जरंज से दिलाराम तक सड़क बनाने में अफगानिस्तान की मदद की थी।

होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर स्थित चाबहार बंदरगाह, इस क्षेत्र का एकमात्र गहरे पानी का समुद्री बंदरगाह है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों जैसे लैंडलॉक देशों तक पहुंचने के लिए भारत के महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। इसके साथ ही यह यूरोप के साथ व्यापार करने के लिए सस्ता पारगमन मार्ग प्रदान करता है और भारत से फारस की खाड़ी और मध्य पूर्व के लिए जहाजों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में भी कार्य करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के पास अपनी रणनीतिक स्थिति के साथ चाबहार पोर्ट पश्चिम एशिया, हिंद महासागर और अफ्रीका के क्षेत्रों के लिए एक आधार प्रस्तुत करता है। चाबहार अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) का भी हिस्सा है, जो भारत, ईरान, अफ़ग़ानिस्तान, अर्मीनिया, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए जहाज, रेल और सड़क मार्ग का 7200 किमी लंबा नेटवर्क तैयार होना है। इसमें हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर से जोड़ने और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के माध्यम से उत्तरी यूरोप से जोड़ने की योजना तैयार कि गयी है। इस मार्ग से भारत की यूरोप तक पहुंच आसान हो जाएगा। इस परियोजना के लिए ईरान का चाबहार पोर्ट बहुत अहम है, जिसका प्रबंधन अब भारत के पास है। इसके साथ ही क्षेत्रीय संघर्ष से प्रभावित रही स्वेज नहर की अपेक्षा आईएनएसटीसी को परिवहन के लिए समय 45 से 60 दिन से घट कर 25 से 30 दिन तथा कीमत में लगभग 30 प्रतिशत की कमी भी आएगी।

जी-20 के दौरान भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की पहल की गयी थी, परंतु मध्य पूर्व में हमास-इजराइल संघर्ष इसमें बाधक बनी और लाल सागर में हूती विद्रोहियों के कारण व्यापार व वाणिज्य के लिए आईएनएसटीसी का महत्व बढ़ गया है, जो सेंट पीटर्सबर्ग को ईरान और भारत के बंदरगाहों से जोड़ने वाली परिवहन 'धमनी' के रूप में महत्वपूर्ण हो गयी है। भारत ने ईरान के प्रति अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण सावधानी रखी, परंतु रूस के विरुद्ध प्रतिबंधों के बावजूद भारत का व्यापार रूस से बढ़ने से चाबहार और आईएनएसटीसी की महत्ता भी प्रमुख हो गयी। यह कॉरिडोर यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के राज्यों के साथ व्यापार के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है, जहां लोहा, कोयला, यूरेनियम, गैस और तेल के संसाधनों का प्रचुर भंडार है, जो भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं। दीर्घकालिक निवेश के परिचालन के साथ, चाबहार में भारत मध्य एशिया और अफगानिस्तान के लैंडलॉक देशों से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की क्षमता रखता है। कराची पोर्ट से निर्भरता कम होने से उत्साहित तालिबान ने भारत के कदम का खुलकर समर्थन किया है। संसाधन संपन्न कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मार्ग विहीन केंद्रीय एशियाई देश हिंद महासागरीय क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंच बनाने के लिए चाबहार बंदरगाह का उपयोग करने के लिए काफी उत्सुक हैं।

इसे केवल व्यापारिक उद्देश्यों तक सीमित समझना संकीर्णता है, बल्कि यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक के रूप में उभरने का एक साहसिक कदम है। विश्व में भू-राजनीतिक संघर्षों व लाल सागर में बढ़ रही अशांति के बीच यह समझौता भारत की यूरेशिया तक पहुंच बढ़ाने के साथ चीन व पाकिस्तान के नापाक इरादों को भी नाकाम करता है। भारत को अरब सागर में चीनी विस्तारवाद को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। चीन के हिंद महासागर और फारस की खाड़ी में नौसैनिक शक्तियों का विस्तार के विरुद्ध होर्मुज जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के पास चाबहार से भारत नकेल कसने में सक्षम रहेगा। भारत और ईरान के सार्वजनिक रूप से चाबहार समझौते की घोषणा होते ही संयुक्त राज्य अमेरिका ने पश्चिम एशिया के संकट में ईरान की भूमिका को देखते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की और चेतावनी दी कि ईरान प्रतिबंधों का किसी पर भी प्रभाव पड़ेगा। परंतु चाबहार बंदरगाह और आईएनएसटीसी के साथ भारत की भागीदारी का समर्थन करना संयुक्त राज्य अमेरिका के हित में होगा, क्योंकि यह मध्य एशिया और ईरान में चीनी आधिपत्य का मुकाबला करने के व्यापक उद्देश्यों को पूरा करता है, जो दीर्घकालिक रूप से अमेरिकी हितों को लाभान्वित कर सकती है।

वर्तमान समय में चीन की कंपनियां हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग डेढ़ दर्जन बंदरगाहों का प्रबंधन कर रही हैं, जिसमें दक्षिण एशिया व अफ्रीका के बंदरगाहों जैसे बांग्लादेश, म्यांमार, पाकिस्तान, मालदीव और तंजानिया में भारी निवेश कर भारत को घेरने में लगा है, परंतु चाबहार जैसे रणनीतिक बंदरगाहों में निवेश करने से आपूर्ति श्रृंखलाओं का बेहतर तरीके से विविधीकरण के साथ तेजी से बदलते अशांत भू-राजनीतिक माहौल भी संतुलित रहेगा। भारत द्वारा किसी विदेशी या बाहरी बंदरगाह के प्रबंधन का यह पहला प्रयास है।

दावेई और क्याउकफ्यू पोर्ट चीन के लिए मलक्का और सुंडा जलडमरूमध्य से बचने की क्षमता वाले है, परंतु दावेई में चीन कि रुचि के बावजूद म्यांमार ने रूस को प्राथमिकता दी है, जो भारत के अनुकूल माना जा रहा है। हिंद महासागरीय क्षेत्र में कुल 46 देश आते हैं, जो आर्थिक संसाधनों से समृद्ध है। चीन और भारत क्रमश: दुनिया की दूसरी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के रूप स्थापित हो चुके हैं। व्यापार और सुरक्षा के क्षेत्रों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन ने हिंद महासागर पर ध्यान केंद्रित किया है और भारत के लिए चुनौती प्रस्तुत करता रहता है। चीन के विस्तारवादी और साम्राज्यवादी नीतियों के विरुद्ध चाबहार समझौता हिंदमहासागर में चीन को सीमित करने के लिए एक ढाल की तरह है तथा भू-राजनीतिक अशांति के समय मध्य एशिया और यूरोप के साथ अपने व्यापार संबंधों को भी मजबूत करेगा।

## नजरिया

# इतिहास से ज्ञान, वर्तमान के श्रम से भविष्य का निर्माण करें

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 9009 415 415**

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है।

अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है।

**हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा।**

हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सचाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है।

यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

## नजरिया

# चुनावी महागर्मी के साथ लू और नौतपा ने छक्के छुड़ाए

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

इस समय देश में चुनाव और गर्मी की चर्चा सर्वाधिक हो रही है। गांव की चौपाल से चाय पान की दुकानों पर लोग चुनाव और गर्मी से जूझ रहे है। चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर है मगर गर्मी अपने रौद्र रूप में लोगों को बेहाल किये हुए है। तापमान 50 डिग्री तक पहुँच रहा है। पानी बिजली संकट के साथ भीषण और जानलेवा गर्मी और लू ने आमजन के छक्के छुड़ा दिए है। गर्मी के मौसम में सूर्य की किरणें आग उगलती हैं। इस कारण धरती का वातावरण गर्म हो उठता है। हवाएं भी गर्म होकर अपना रौद्र रूप दिखाने लगती हैं। बताते है की ऋतुओं में सर्दी का असर केवल तीन माह ही रहता है। मार्च से शुरू हुई गर्मी अगस्त और सितंबर तक अपना असर दिखाती है। वर्षा के बाद बसंत केवल दो माह अपना असर छोड़ता है। इस बीच 24 मई की अर्द्ध रात्रि से नौतपा ने अपना असर दिखाना शुरू हो गया है। यह 9 दिन तक रहेंगे। इन अवधि में आसमान से आग के गोले बरसते हैं। कुल मिलाकर इन 9 दिनों में तापमान सबसे ज्यादा होगा। इन दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। नौतपा तब होता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है । यह हर साल आता है और इस दौरान 9 दिनों तक सूर्य देव उग्र रूप में रहते हैं। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। हिंदू पंचांग के अनुसार 25 मई से ही नौतपा की शुरुआत मानी जाएगी, जो 2 जून तक रहेंगे। नौतपा के दौरान गर्मी से बचाव के लिए जरूरतमंद और राहगीरों को पानी पिलाना चाहिए। आप इस दौरान प्याऊ भी लगवा सकते हैं। ऐसा करना भी बहुत शुभ माना जाता है। नौतपा में लोगों को शरबत, दूध, दही आदि दान करना भी बहुत पुण्यकारी माना जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य देव की उपासना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। साथ ही समाज में सम्मान भी बढ़ता है। साथ ही इस दौरान मौसमी फलों जैसे खरबूजा, तरबूज, आम और गुड़ या चीनी आदि का भी दान भी किया जा सकता है। नौतपा



के दौरान ये सभी काम करने से साधकों को सूर्य देव की असीम कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। मान्यता है कि सूर्य की गर्मी और रोहिणी के जल तत्व के कारण यह मानसून का गर्भ आ जाता है और इसी कारण नौतपा को मानसून का गर्भकाल माना जाता है। ऐसे में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में होता है तो उस समय चंद्रमा नौ नक्षत्रों में भ्रमण करते हैं।जबर्दस्त तेज गर्म हवाओं ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। देश में भीषण गर्मी का दौर जारी है और पारा 48 डिग्री को पार गया है। अनेक क्षेत्रों में सड़कें सुनी नजर आईं। बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखा।

गर्मी का मौसम मार्च से सितंबर तक के महीनों में रहता है। यह साल का सबसे गर्म मौसम होता है, क्योंकि तापमान अपने उच्च शिखर पर पहुँचता है। इस ऋतु के दौरान, दिन लम्बे और गर्म होते हैं, वहीं रातें छोटी है। दिन के बीच में, सूर्य की किरणें बहुत गर्म होती है। पूरे दिनभर गर्म हवाएं चलती रहती है, जो चारों तरफ के वातावरण को रूखा और शुष्क बनाती है। कुएं, और तालाबें सूख जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग पानी की कमी, उच्च तापमान, सूखे आदि बहुत सी परेशानियों से बिजली और अन्य आरामदायक संसाधनों की कमी के कारण जूझते हैं। ग्रीष्म ऋतु साल का सबसे गर्म मौसम होता है, जो पूरे दिन भर में बाहर जाने को लगभग असंभव बनाता है। लोग आमतौर पर, बाजार देर शाम या रात में जाते हैं। बहुत से लोग गर्मियों में सुबह को इसके ठंडे प्रभाव के कारण टहलने का आनंद लेते हैं। धूल से भरी हुई, शुष्क और गर्म हवा पूरे दिनभर चलती रहती है। कभी-कभी लोग अधिक गरमी के कारण हीट-स्ट्रोक, डीहाइड्रेशन (पानी की कमी), डायरिया, हैजा, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से प्रभावित होते हैं।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

## तैयारी



पुंछ के मेंढर क्षेत्र में आम चुनाव के छठे चरण के मतदान से पहले मतदान अधिकारी अपने निर्दिष्ट मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनें ले जाते हुए।

# वर्ष 1918 में डूबे पोत के मलबे से बरामद दुर्लभ भारतीय नोट की लंदन में नीलामी होगी

लंदन/भाषा। वर्ष 1918 में लंदन से बंबई जाते समय समुद्र में एक पोत के डूबने के बाद उसके मलबे से मिले 10 रुपये के दो दुर्लभ भारतीय नोटों की अगले बुधवार को नीलामी की जाएगी।

एसएस शिराला नामक पोत के मलबे से 10 रुपये के दो बैंक नोट बरामद किए गए थे, जिसे दो जुलाई, 1918 को एक जर्मन यू-बोट (पनडुब्बी) द्वारा डुबाया गया था। इन नोट पर 25 मई, 1918 की तारीख अंकित है।

लंदन में नूनन्स मेफेयर नीलामी घर अपनी 'विश्व बैंकनोट' बिक्री के तहत इन नोटों को बोली लगाने के लिए पेश करेगा और अनुमान है कि इनकी कीमत 2,000 से 2,600 पाउंड के बीच रहेगी।

नूनन्स में मुद्राशास्त्र से जुड़े मामलों की वैश्विक प्रमुख थॉमसिना स्मिथ ने कहा, ''इन नोटों की पूरी खेप के साथ मुरब्बे से लेकर गोला-बारूद तक सामग्री लंदन से बंबई भेजी जा रही थी, जब पोत को एक जर्मन यू-बोट द्वारा डुबा दिया गया।'' उन्होंने कहा, ''कई नोट तैरकर किनारे पर आ गए जिनमें बिना हस्ताक्षर वाले पांच और 10 रुपये के नोट और एक रुपये के हस्ताक्षरित नोट शामिल थे। इनमें से एक रुपये का एक नोट इस नीलामी में भी शामिल है। अधिकांश नोट को बरामद कर लिया गया और बाद में सरकार द्वारा इन्हें नष्ट करा दिया गया और उनके स्थान पर नए नोट छापे गए। लेकिन कुछ नोट निजी लोगों के पास रह गए।''

स्मिथ ने कहा कि उन्होंने इस तरह के नोट पहले कभी नहीं देखे हैं और ये नोट 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' द्वारा सोशल मीडिया पर 1918 में जहाज के विध्वंस की घटना का उल्लेख करने के बाद प्रकाश में आए। उन्होंने कहा कि ये नोट बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं और वे निश्चित तौर पर नोट की गड्डी के मध्य में रहे होंगे जिससे वह समुद्री पानी में भीग नहीं पाए।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि नोटों पर छपे नंबर दो क्रमागत संख्याएं हैं। इस नीलामी में ब्रिटिश उपनिवेश के दौरान तत्कालीन भारत सरकार के 100 रुपये के एक दुर्लभ नोट को भी बिक्री के लिए रखा जाएगा और इसके 4,400 से 5,000 पाउंड के बीच बिकने का अनुमान है। इस नोट के पिछले हिस्से पर बांग्ला और हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में 100 रुपये मुद्रित है।

## कान फिल्म


अमेरिकी निर्देशक एवं 77वें कान फिल्म महोत्सव की जूरी की अध्यक्ष ग्रेटा गेरविग 77वें संस्करण में फिल्म 'ए'अमोर ओउफ'(बीटिंग हार्टर्स) की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचीं।

# चीन की सेना ने 'सख्त सजा' के तहत ताइवान के नजदीक अभ्यास किया

बीजिंग/ताइपे/भाषा। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को '' सत्ता पर कब्जा करने'' की अपनी क्षमता का परीक्षण किया। उसने कहा कि उसकी सेनाओं ने ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की टिप्पणी के जवाब में स्वशासित द्वीप के आसपास बड़े पैमाने पर अभ्यास शुरू किया।

चिंग ते ने ताइवान पर चीन की संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया था।

पीएलए की पूर्वी थियेटर कमान के प्रवक्ता ली शी ने कहा कि सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बलों की संयुक्त सेनाओं ने दो दिवसीय अभ्यास के समापन के दिन क्षेत्र पर नियंत्रण और कब्जे के अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया। यह युद्धाभ्यास ताइवान द्वीप के आसपास किया गया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''युद्ध के मैदान पर संयुक्त रूप से नियंत्रण करने, संयुक्त हमले शुरू करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नियंत्रण हासिल करने के लिए कमान की क्षमताओं का परीक्षण करने के वास्ते द्वीप समूह के अंदर और बाहर एकीकृत अभियान शुरू किया गया।'' चीन के तट रक्षक बल ने अलग से जारी बयान में कहा कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य में अपने अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया है। यह संकरा जल क्षेत्र है जो चीन की मुख्य भूमि को ताइवान से अलग करता है। इस दौरान सत्यापन और पहचान के साथ ही संघर्ष के समय किसी भी विदेशी जहाज को चेतावनी और निष्कासन का भी अभ्यास किया गया। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि पीएलए अगस्त 2022 में तत्कालीन अमेरिकी संसद के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद से आक्रामक सैन्य अभ्यास कर रही है। उसने सैन्य कार्रवाई के माध्यम से ताइवान पर संभावित कब्जे का अभ्यास किया। ताइवान के शीर्ष नेताओं के मुताबिक चीन, ताइवान को एक बागी प्रांत के रूप में देखता है, जिसे बलपूर्वक भी मुख्य भूमि के साथ फिर से एकीकृत करना चाहता है और 2027 में अपना आक्रमण शुरू कर सकता है।

पीएलए के पूर्वी थिएटर कमान ने बृहस्पतिवार को दो दिवसीय अभ्यास शुरू किया। उसने कहा कि ''यह अभ्यास 'ताइवान की आजादी' के समर्थकों के अलगाववादी कृत्यों के लिए कड़ी सजा और बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप एवं उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी के रूप में भी काम करता है।'' हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, कमान द्वारा आभासी हमलों का एक 3डी वीडियो जारी किया गया था, जिसमें पीएलए की वायुसेना, नौसेना और रॉकेट बल ताइवान के शहरों ताइपे, हुलिएन और काऊशुंग को निशाना बनाते दिख रहे हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार सुबह तक ताइवान के आसपास पीएलए के 49 विमान, नौसेना के 19 पोत और तटरक्षक बल के सात जहाज देखे गए हैं।

# रईसी के हेलीकॉप्टर में दुर्घटनाग्रस्त होती ही आग लगी थी, हमले का कोई संकेत नहीं मिला: ईरानी सेना

तेहरान/एपी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था। ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी। रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान बृस्पतिवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया। दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया है कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी। जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था।

# कोरोना संकट में एक इटली और दूसरा लड़का इंग्लैंड भाग गया था : योगी

कुशीनगर/महाराजगंज/देवरिया (उप्र) 24 मई (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना संकट में कांग्रेस और सपा के लोग गायब हो गये और उप्र का एक लड़का इटली तो दूसरा इंग्लैंड भाग गया था।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कुशीनगर में भाजपा उम्मीदवार विजय दुबे, महराजगंज में केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी पंकज चौधरी तथा देवरिया लोकसभा क्षेत्र में शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

योगी ने कहा, ''जब कोरोना कालखंड में देश परेशान था तब कांग्रेस और सपा के लोग जनता की मदद करने की बजाय गायब हो गये थे। उप्र के दो लड़कों में से एक इटली चला गया तो दूसरा इंग्लैंड भाग गया था।''



कुशीनगर की सभा में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी में योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और जे पी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और हमारे लिए देश पहले है।

देवरिया और महराजगंज की सभाओं में भी योगी ने कहा कि ''बीते 10 साल में देश का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है, हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद नेस्तनाबूद हुआ है। अब तो जोर से पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। उसे पता है कि भारत को छेड़ना नहीं है, क्योंकि किसी ने छेड़ा तो भारत छोड़ेगा नहीं।'' उन्होंने कहा कि ''मगर इंडी गठबंधन वाले कह रहे हैं कि पाकिस्तान को छेड़ो मत, ऐसे लोगों को भारत पर बोझ बनने की जगह पाकिस्तान जाकर भीख मांगना चाहिए।''

योगी ने मोदी के विकास कार्यों का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए कहा कि कोरोना कालखंड न आया होता तो कुशीनगर, थाईलैंड और सिंगापुर की तरह चमकता दिखता।

महराजगंज की सभा में भी योगी ने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि ''500 साल का इंतजार मोदी जी ने खत्म करा दिया और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है।'' उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा ''मगर कांग्रेस और सपा के लोग कहते हैं कि राम का मंदिर बेकार बना है, राम हुए ही नहीं।

# मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है : नेहा

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्ट्रेस नेहा शर्मा जल्द ही अक्षय ओबेरॉय के साथ 'इल्लीगल' के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह ऐसे कई लोगों को जानती हैं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें इस तरह से बड़ा किया कि वह चीजों के बुरे और अच्छे की पहचान कर सकती हैं। सीजन-3 के बारे में बोलते हुए नेहा ने कहा, ''इस सीजन में निहारिका एक नए रूप में नजर आएंगी। बेशक, आपको अभी भी पुरानी निहारिका की झलक दिखेगी, लेकिन, अब जब उन्होंने पुनीत के साथ अपनी खुद की कंपनी बनाई है, तो वह बदल गई हैं।'' ''हम उनमें और जेजे (जनार्दन जेटली) के बीच कुछ



ऐसी चीजें देखते हैं, जो दोनों में एक जैसी हैं। दोनों के लक्ष्य बदल गए हैं। वह इस सीजन में कई दिलचस्प मामले उठाती है, जो सभी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित हैं।'' एक्ट्रेस ने आगे कहा, ''मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है। मैं ऐसे कई लोगों को जानती हूं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन, मेरे माता-पिता ने मुझे इस तरह बड़ा किया कि मैं चीजों को या तो अच्छा या फिर बुरे के रूप में पहचान सकती हूं।''

''मैं इस सीजन में निहारिका से खुद को जोड़ नहीं पा रही हूं, क्योंकि वह बहुत बार ऐसे जोन में चली जाती है, जिनकी बीच की राय है। हालांकि, मैं निहारिका के कैरेक्टर के लिए हमारे लेखकों और निर्देशक की मंशा को समझती हूं और इसे जरूरी मानती हूं।'' कोर्टरूम ड्रामा सीरीज ने हाल ही में अपना ट्रेलर जारी किया। नेहा एक महत्वाकांक्षी वकील निहारिका की भूमिका निभाती हैं, जिसने हाल में अपनी खुद की फर्म खोली है। उसका लक्ष्य दिल्ली में सबसे अच्छा वकील बनना है। 'इल्लीगल 3' 29 मई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर रिलीज होगी।



**पासिंग आउट परेड**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे शुक्रवार को पुणे के खडकवासला में एनडीए के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में ध्वज प्रस्तुत करते हुए।

# अभिनेत्री लैला खान के हत्यारे को अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री लैला खान उर्फ रेशमा पटेल और उनके परिवार के हत्याकांड के दोषी और सौतेल पिता परवेज टाक को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। अभिनेत्री लैला खान की 2011 में माँ और 4 भाई बहनों सहित हत्या कर दी गई थी। लैला की हत्या का मामला मुंबई कोर्ट में चल रहा था। अब इस केस में सेशन कोर्ट ने दोषी परवेज टाक को हत्या का दोषी ठहराया है और उन्हें फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने परवेज को सबूत मिटाने का दोषी भी ठहराया है। रेशमा पटेल उर्फ लैला ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत कन्नड़ फिल्म मेकअप से की थी। उनका असली नाम रेशमा पटेल था लेकिन पहली फिल्म के बाद ही उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। लैला ने हिन्दी फिल्मों में अभिनेता राजेश खन्ना के साथ भी



वफा: ए डेडली लव स्टोरी में काम किया था। इस फिल्म में लैला ने काफी बोल्ड सीन दिए थे जिसकी वजह से उनकी खूब आलोचना हुई थी।

लैला खान हत्याकांड 14 साल पुराना मामला है। परवेज टाक ने लैला, उनकी मां और चार भाई-बहनों की हत्या कर दी थी और उनके शवों को फार्महाउस में गाड़ दिया था। इस घटना से पर्दा तब उठा था जब लैला के पिता ने मुंबई के ओशिवारा में अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने शिकायत में कहा था कि परवेज ने उनके परिवार के सदस्यों का अपहरण कर लिया है। हत्या के कुछ महीने बाद परवेज को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। शुरुआत में तो परवेज कह रहा था कि लैला और उसका परिवार दुबई में है लेकिन बाद में उसने कबूल कर लिया था कि उसने उन लोगों की हत्या कर दी है। जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने परवेज को मुंबई पुलिस को सौंप दिया था। परवेज के हत्या की बात कबूल किए जाने के बाद इगतपुरी में एक फार्म हाउस से लैला और उसके परिवार के कंकाल बरामद किए गए थे। परवेज ने पुलिस को बताया था कि लैला अपने परिवार के साथ इगतपुरी फार्म हाउस में छुट्टी मनाने गई थीं। जहां पर परवेज ने सभी को मारकर गड्ढे में गाड़ दिया था।



# दीपावली पर प्रदर्शित होगी 'भूल भुलैया-3', तिथि में नहीं होगा कोई बदलाव

**मुंबई/एजेन्सी**

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चंदू चैम्पियन को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्होंने किरदार के लिए जो बदलाव किए हैं, उसने उन्हें दर्शकों में खासी चर्चाओं में ला दिया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म आगामी महीने 14 तारीख को प्रदर्शित होने जा रही है। इसके अतिरिक्त वे अपनी अगली फिल्म भुल भुलैया-3 को लेकर भी चर्चाओं में है। उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' की सफलता के बाद मेकर्स ने इसके तीसरे पार्ट के लिए योजना बनाई थी। साल 2022 में आई फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 170 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। बीते कई दिनों से मेकर्स 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग में बिजी हैं। कहा जा रहा था कि फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है लेकिन अब जो रिपोर्ट्स सामने आई हैं उनके मुताबिक फिल्म को रिलीज करने में अब कोई बदलाव नहीं होगा। 'बॉलीवुड हंगामा' के सूत्र के अनुसार 'भूल भुलैया 3' की रिलीज डेट पर संदेह करने की जरूरत नहीं है। फिल्म दीपावली पर ही रिलीज होगी। डायरेक्टर अनीस बज्मी और प्रोड्यूसर भूषण कुमार इसे दीपावली पर ही रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं।

आने वाले कुछ दिनों में इसके क्लाइमेक्स सीन को शूट किया जाएगा। अनीस शूटिंग में कोई कोताही नहीं बरते रहे हैं। फैंस भी इस हॉरर कॉमेडी को देखने के लिए बेकरार हैं। कार्तिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी 'चंदू चैंपियन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। हाल ही इसका टीजर सामने आया था, जिसमें कार्तिक के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को देख सब हैरान रह गए। कार्तिक के पास 'आशिकी 3' भी है।



# 'वेलकम टू द जंगल' के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार 'वेलकम टू द जंगल' इन दिनों काफी सुर्खियों में है। बताया जा रहा है कि मुंबई फिल्म सिटी में वेलकम के दो शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया।मुंबई के शेड्यूल में जो एक्शन सीन फिल्माए गए हैं। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा।

अब फिल्म का अगला शेड्यूल कुछ सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा पाटनी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, कृष्णा अभिषेक सहित करीब 20 कलाकार हैं। इस फिल्म को फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।

# बॉलीवुड में डेब्यू करना किसी सपने के सच होने जैसा है : निमृत कौर अहलूवालिया

**मुंबई/एजेन्सी**



थ्रिलर ड्रामा के साथ फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ने बताया कि फिल्म के लिए रोल पाना जबरदस्त एक्सपीरियंस था। निमृत ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी शो 'छोटी सरदारनी' से की थी। वह कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 16' में भी नजर आई थीं और फिलहाल वह 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन के लिए रोमानिया रवाना हो गई हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म, जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है, अजय राय के प्रोडक्शन हाउस, जार पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। निमृत ने कहा, '''बिग बॉस सीजन 16' में अपनी जर्नी के बाद, मैं अपने एक्टिंग करियर में नए रास्ते तलाशने के लिए काफी एक्साइटेड हूं, और यह प्रोजेक्ट सही अवसर पेश करता है।

ऐसी टैलेंटेड टीम और मशहूर डायरेक्टर के साथ काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है।'' उन्होंने कहा, ''मेरे एजेंट ने अजय से मिलवाया और उन्होंने इस रोल के लिए मुझे चुना। कई राउंड ऑडिशन होने के बाद, उन्हें यकीन हो गया कि मैं उनकी फिल्म में बड़े पर्दे पर डेब्यू के लिए बिल्कुल सही हूं। फिल्म में रोल मिलना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस है।'' अनटाइटल्ड थ्रिलर ड्रामा अलग सिनेमाई एक्सपीरियंस देता है। फिल्म की कहानी और कलाकारों के बारे में जानकारी अभी भी गुप्त रखी गयी है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने वाली है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अक्षय तृतीया का पवित्र दिन जैन धर्म के अनुसार इस युग के भिक्षा विधि के प्रारम्भ का दिन है। इस दिन भगवान ऋषभदेव के एक वर्ष से ऊपर की तपस्या का पारणा हुआ था। भगवान ऋषभ का तप अनुपमेय था। भगवान ऋषभ इस युग के प्रथम राजा कहलाए, प्रथम मुनि बने, प्रथम भिक्षुक कहलाए और प्रथम तीर्थंकर बने। भगवान ऋषभ का जीवन समग्रता लिए हुए था। जिन्होंने समाज के लिए भी अपना समय लगाया, लोगों को असि, मषि, कृषि का प्रशिक्षण दिया और बाद में साधना में लीन बने।



# किताब आपको बुला रही है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां दक्षिण रेलवे के चेन्नै मंडल के हिंदी पुस्तकालयों में आने वालों की संख्या कम है। पुस्तकों के उपयोग को बढ़ाने और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए चेन्नई मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। अंशकालिक पुस्तकपाल को दस आदेश दिये गये थे। पाठकों को आकर्षित करने के विभिन्न तरीके सुझाये गए। इसका पालन करने के लिए दस आज्ञाएँ तैयार कर दी गई हैं। अगली तिमाही तक इसे कार्यान्वित करने का निदेश दिया गया है। इसका अनुपालन का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इसे डिजिटालाइज़ करके यू रिंग, वी ब्रिंग योजना भी लागू की जाएगी।

बैठक का समन्वय वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ए.श्रीनिवासन ने किया।

# सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लिए एलएचबी कोच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे ने ट्रेन नंबर 22801/22802 विशाखापत्तनम - डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - विशाखापत्तनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस को एलएचबी (लिंके-हॉफमैन-बुश) कोचों में बदला जाएगा।


ट्रेन नंबर 22801 विशाखापत्तनम-डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 22802 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-विशाखापत्तनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस 25 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी।

यहां दक्षिण रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे ने ट्रेन संख्या 07355/07356 हुब्बल्ली-रामेश्वरम-हुब्बल्ली एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12777/12778 हुब्बल्ली-कोचुवेली -हुब्बल्ली एक्सप्रेस को एलएचबी (लिंके-हॉफमैन-बुश) कोचों में परिवर्तित किया जाएगा। ट्रेन संख्या 07355 हुब्बल्ली-रामेश्वरम साप्ताहिक विशेष ट्रेन 25 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी। ट्रेन संख्या 07356 रामेश्वरम-हुब्बल्ली साप्ताहिक विशेष ट्रेन 26 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी।

ट्रेन नंबर 12777 हुब्बल्ली-कोचुवेली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी।वहीं ट्रेन संख्या 12778 कोचुवेली-हुब्बल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 30 मई से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी।

# अभय श्रीश्रीमाल की जीवनी विश्व में बेस्टसेलर के आठवें पायदान पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ, तमिलनाडु के चेयरमैन अभय श्रीश्रीमाल जैन की आत्मकथा एचटूओ: हैंडीकैप टू अपोर्चूनिटीज' ने अमेजन के बेस्टसेलर पृष्ठ पर आठवां स्थान बनाया है। यह गौरव जीवनी श्रेणी की पुस्तकों में मिला है।

दुनिया में सर्वाधिक पसंद की जाने वाली पुस्तकों में अनेक हस्तियों की जीवनियां हैं। उनमें अब श्रीश्रीमाल की जीवनी भी जुड़ गई है। एनगेम पब्लिशिंग हाउस के संजय लूणिया ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में यह पुस्तक प्रथम पांच एवं प्रथम स्थान भी पा सकती है।

साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने बताया कि पुस्तक में श्रीश्रीमाल ने 'जल-सूत्र एचटूओ' को जीवन-सूत्र बनाते हुए अपनी संस्मरणात्मक जीवन-यात्रा लिखी है। इसमें माता-पिता की आज्ञा, परिश्रम, धैर्य, निर्णय क्षमता, जोखिम लेना, गुण व गुणीजनों की परख, परोपकार, नवाचार, व्यवसाय में सिद्धांतवादिता जैसे प्रसंग पाठक को बांधे रखते हैं। 26वें अध्याय में वे बताते हैं कि कैसे उन्होंने लंदन की एक कंपनी की रसोई को वित्तीय हानि उठाकर भी पूर्ण शाकाहारी बनाया। यह पुस्तक शून्य से शिखर की यात्रा की रोचक दास्तान है।

## विशेष आयोजन


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मागड़ी स्थित तीर्थस्थल श्रीलक्ष्मीनरसिम्हा मंदिर में मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत ने राज्य के कल्याण व अच्छी बारिश के लिए विशेष पूजा की। इस मौके पर उन्होंने अन्नदान भी किया तथा लोगों को अपने हाथों से भोजन परोसा।

# समाज के उत्थान में जुटे सदानंद महाराज को पद्मश्री से सम्मान

## 28 मई को राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मानव सेवा और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाले प्रणामी समाज के संत श्री सदानंदजी महाराज को आगामी 28 मई को भारत के उच्च पुरस्कार 'पद्मश्री' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आगामी मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में होने वाले एक गरिमामय समारोह में यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू महाराज जी को दिया जाएगा। इस समाचार से देश विदेश में रह रहे सदानंदजी महाराज के अनेक अनुयायियों में खुशी की लहर है।

सेवा कार्यों में हमेशा आगे रहने वाले सदानंदजी महाराज द्वारा लगभग 7 हजार जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया गया है। गौ सेवा में भी स्वाजी ने गौवंश संरक्षण के लिए लगभग 113 गौशालाओं का निर्माण करवाया। 80 हजार बेसहारा गायों व नंदियों को आश्रय देने का पुण्य कार्य किया है। गायों की नस्ल सुधार के लिए गौ-अनुसंधान केंद्र की स्थापना हरियाणा के फतेहाबाद शहर में की। घायल गौवंश के लिए चिकित्सा केंद्र व एंबुलेंस की व्यवस्था भी कई स्थानों पर की गई हैं। इसी तर्ज पर दर्जन भर शहरों में पक्षियों के लिए 1008 घोंसलों के बड़े-बड़े टावर स्थापित किए है। इनमें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था 24 घंटे रहती हैं।

स्वामीजी के तत्वावधान में एक लाख पौधे रोपित किए जा चुके है। एक लाख 25 हजार पोलियोग्रस्त रोगियों का निरीक्षण करके 40 हजार पोलियो रोगियों का ऑपरेशन कर मानव सेवा के अग्रदूत कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। यही नहीं स्वामी सदानंद महाराज द्वारा भारतीय सेना, थैलीसीमिया व कैंसर पीड़ितों के लिए 128 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 20 हजार 165 यूनिट रक्त एकत्रित करके भी मानवता की सेवा की जा चुकी है। मरीजों को अस्पताल में पहुंचाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एंबुलेंस का संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है।

कोविड-19 महामारी के दौरान स्वामीजी द्वारा भारत सरकार के जनकल्याण फंड में एक करोड़ 25 लाख 25 हजार 525 रुपए तथा चार राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल को 11-11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया था। स्वामी सदानंदजी महाराज अनेक स्कूलों व कॉलेजों का संचालन करके अंतिम पंक्ति में खड़े परिवार के बच्चों को शिक्षित करने का सफल प्रयास कर रहे हैं। कोई भी भूखा न सोए इसके लिए अनेक स्थानों पर अटल भंडारे चल रहे हैं। समय समय पर लोगों के स्वास्थ्य के लिए जांच शिविर आदि का आयोजन महाराजश्री के निर्देशन में हो रहा है।

स्वामी सदानंद जी महाराज ने देश के प्रत्येक जिले में जाकर प्रणामी धर्म की जागनी करते हुए लोगों को सेवा कार्य में जोड़ा। नेपाल में भी उन्होंने हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सेवा कार्य में लोगों को लगाया। इसके चलते नेपाल व भारत में अनेक संस्थाओं से समय-समय पर उनको सम्मान मिलता रहा है। नेपाल का सर्वोच्च पुरस्कार वहां की सरकार द्वारा उनको दिया जा चुका हैं। संत समाज द्वारा उनको संत शिरोमणि व परमहंस जैसी अति सम्मानित उपाधियां दी गई है।

हरियाणा के भिवानी जिले के जुई गांव में 1 अगस्त 1945 में जन्में स्वामी सदानंदजी महाराज एक ब्राह्मण कुल में संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आकार लिया। बचपन में ही गुरुदेव राधिकादासजी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालाँकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहाँ वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें 'वैराग्य' की भावना विकसित हुई। भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा। 1972 में बसंत पंचमी के पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानू ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली। और 'ब्रह्मचर्य' को अपनाया जो संत बनने की दिशा में पहला कदम रहा। इसी दिन गुरुदेव मंगलदासजी ने भानू को 'सदानंद' नाम दिया था।

# सांस और नाम के बीच की यात्रा का नाम है जीवन : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी



रहमतपुर/दक्षिण भारत। शहर के राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजन संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी का आगमन हुआ। संघ ने गुरुवर्यों का स्वागत सामैया से किया गया। आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि उस आदमी की तारीफ सिर्फ तब एक होती है, जब तक वह जिंदा रहता है। आदमी जब जन्म लेता है सांसें होती है पर नाम नहीं और जब मरता है तब नाम होता है पर सांसें नहीं होती और इस सांस और नाम के बीच की जो यात्रा है वही जीवन है। उस सांस और मरण की यात्रा को जिसने समझ लिया उसने अपना साक्षात्कार कर लिया। स्वयं के साक्षात्कार के लिए जन्म से मरण के बीच का समय है।

# कर्मचारी बीमा निगम अस्पताल में एक दिवसीय पूर्णकालिक हिन्दी कार्यशाला संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्मचारी राज्य बीमा निगम(कराबीनि) अस्पताल पीनिया में शुक्रवार को एक दिवसीय पूर्णकालिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कराबीनि अस्पताल, उप क्षेत्रीय कार्यालय, पीनिया तथा उप क्षेत्रीय कार्यालय, बोम्मसंद्रा के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजभाषा प्रभारी, उप निदेशक सुभाषचंद्र लाल ने कहा कि इस कार्यशाला के बाद आप अपना कार्य हिंदी में अधिक से अधिक करके इस कार्यशाला के आयोजन को सार्थक बनाएं। हिंदी हमारी अपनी भाषा होने के साथ ही साथ सरल व सुगम भाषा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीणा कुमारी ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है। सरकारी कार्यालयों में हिन्दी में काम करना हम सबका संवैधानिक दायित्व है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम निर्धारित प्रतिशत में अपना काम हिंदी में करें। इन कार्यशालाओं के आयोजन का उद्देश्य ही यही है कि हिंदी में कार्य करने की हमारी जो झिझक है उसको दूर कर सकें ।

कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन शुक्रवार शाम को आयोजित किया गया। समापन समारोह में चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि हिंदी में काम की शुरुआत जरूर करनी चाहिए, चाहे थोड़े से ही सही। एक शब्द से बढ़कर एक वाक्य और उसके बाद काफी काम आप हिंदी में कर सकते हैं, अतः अगर दिल से हम हिंदी में कार्य करना शुरू करें तो यह बहुत ही आसान बन जाता है। कार्याशाला में प्रशासनिक शब्दों, नेमी टिप्पणियों का अभ्यास, पत्राचार तथा हिंदी के टंकण करने के बारे में भी मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी कैलाशचंद शर्मा ने किया।

# उपाध्याय गुनवन्तचन्द्र के देवलोकगमन पर गुणानुवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शुक्रवार को जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में जयगच्छीय उपाध्यायश्री गुनवन्तचन्द्रजी महाराज के पीपाड राजस्थान मे संथारा पूर्वक देवलोकगमन हो जाने पर गुणानुवाद किया गया।

श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने गुणानुवाद करते हुऐ कहा कि आपका जन्म दार्जलिंग के सोदाना ग्राम मे 5 अक्टूबर 1956 को देवचन्द इन्द्रादेवी बैंगाणी के यहां हुआ, बाल्यकाल नागौर जिले के लाडनू ग्राम व कलकता में बीता। सोलह वर्ष की युवा वय मे संसार से विरक्ति होने के पश्चात उन्नीस वर्ष की उम्र मे श्रदेय श्री जीतमल महाराज के मुखारविन्द से झूंठा रायपुर मे दीक्षित हुए व सोजत शहर मे छेदोपस्थापनीय चरित्र मे आरुढ़ हुए। श्रदेय पूज्यश्री लालचंद महाराज के पास शिक्षा व आगम तत्वों के गूढ़ रहस्यों का अध्ययन किया। दीक्षित होने के पश्चात प्रथम चातुर्मास पीपाड शहर में हुआ। आपका जीवन निर्लिप्ततापूर्ण रहा। 48 वर्षो तक संयम का दृढ़तापूर्वक पालन किया। करीब सोलह वर्षो से कभी लेटे नहीं, बैठे-बैठे ही रात्रि को भी जागृति रखते थे। करीब तीन वर्षों से सान्निध्य में नेकचंद्र मुनि की अस्वस्थता के कारण पीपाड विराजे। पिछले सप्ताह तेले व बेले की तपस्या करने के पश्चात जागृतिपूर्वक साधक के मुख्य मनोरथ संलेखना-संथारा करते हुए 23 मई को मध्यान्ह में समाधिपूर्वक देवलोकगमन हुए।

वरिष्ठ स्वाध्यायी वीरेन्द्र कांकरिया ने उपाध्याय प्रवर व उनके सान्निध्य में सेवारत रहने वाले नेकचंद्र मुनि के चरित्रमय जीवन के अनेक संस्मरणों का उल्लेख किया। गुणानुवाद सभा में रूपराज सेठिया, गौतम चंद मुणोत, महावीरचन्द छाजेड़, इन्द्रचंद व अम्बालाल कर्णावट, दीपक व योगेश श्रीश्रीमाल ने संथारा साधक की पावन स्मृति मे चार लोगस्स का ध्यान किया।

तीर्थंकरों महापुरुषों आचार्य-उपाध्याय भगवन्तों, चरित्र आत्माओं की जयजयकार पूर्वक गुणानुवाद सभा पूर्ण हुई।

# बाहुबली अस्पताल में अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग यूनिट की हुई शुरुआत

श्रवणबेलगोला/दक्षिण भारत। शुक्रवार को धवलतीर्थम में कर्मयोगी स्वस्तिश्री चारुकीरथी भट्टारक स्वामीजी द्वारा वर्ष 2006 में शुरु किए गए बाहुबली अस्पताल में अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग यूनिट का उद्घाटन करते हुए अखिल कर्नाटक जैन महिला संघ की अध्यक्ष पद्मिनी पद्मराज ने कहा कि मठ के अध्यक्ष स्वस्तिश्री अभिनव चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी ने अल्प अवधि में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अपार सेवा कार्य शुरू किए हैं।



इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रवणबेलगोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीआर युवराज उपस्थित थे। इस अवसर पर मठ की ओर से आशा कार्यकर्ताओं को छाते वितरित किये गये।





# लाल बाग में 10 जून तक चलेगा आम मेला

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। फलों के राजा आम के आगमन में देरी के बावजूद, लालबाग बॉटनिकल गार्डन में वार्षिक आम मेला 24 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। मेले का आयोजन कर्नाटक राज्य आम विकास बागवानी विभाग और विपणन निगम लिमिटेड (केएसएमडीएमसीएल) द्वारा किया जा रहा है। इस साल लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद मेला आयोजित किया जाएगा। केएसएमडीएमएल के एक अधिकारी ने कहा कि चुनाव, भीषण गर्मी और खराब फसल के कारण इस साल कोई आम मेला आयोजित नहीं किया जा सका। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि, किसानों और उपभोक्ताओं की ओर से मेले की मांग बढ़ रही है। हमने किसानों के साथ बैठक की और वे चाहते थे कि बेहतर व्यवसाय के लिए मेला लालबाग में आम मेला आयोजित किया जाए। कर्नाटक में आम की खेती का क्षेत्रफल 1.48 लाख हेक्टेयर है, जिससे 12-15 लाख टन फल की पैदावार होती है। हालाँकि, इस वर्ष, अत्यधिक गर्म और शुष्क मौसम की स्थिति के कारण, राज्य भर में उपज लगभग 5 लाख टन रही है। कुल मिलाकर, केवल 30 प्रतिशत फसल की पैदावार हुई है। लेकिन कई किसानों को काफी नुकसान हुआ है। मैंगो मेला का उद्देश्य किसानों की मदद करना है । कर्नाटक के किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए, बोर्ड ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष मेले में अन्य राज्यों के किसानों और व्यापारियों की भागीदारी को प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। किसानों के लिए न केवल कई किस्मों के आम बल्कि कटहल भी बेचने के लिए 50 से 60 स्टॉल लगाए जाएंगे।




Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.